वर्ष 14, अंक 113
गैरसैंण
सोमवार
21 अगस्त 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित    डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये


## गंगोत्री नेशनल हाईवे पर बस खाई में गिरी, 7 की मौत, 28 घायल

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड चार धाम यात्रा रूट पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गंगोत्री धाम से वापस आ रही गुजरात के तीर्थ यात्रियों से भरी बस गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रसत हो गई। यात्रियों से भरी बस गंगनानी के पास अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में सात यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 28 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पुलिस की



रेस्क्यू टीम मौके लिए रवाना हुई। घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया। टीम ने कड़ी मेहनत से मोर्चा संभालते हुए घायलों को खाई से बाहर निकाला। टीम द्वारा करीब 27 यात्रियों को सड़क मार्ग तक पहुंचाया गया। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही डीएम अभिषेक रूहेला और एसपी अर्पण यदुवंशी भी मौके लिए रवाना हुए और घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।


जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि बस में एक घायल यात्री फंसा हुआ है, उसे निकाला जा रहा है। हादसे के वक्त बस में कुल 35 यात्री सवार थे।

### रूस के मिशन मून को बड़ा झटका

## चंद्रमा की सतह से टकराकर क्रैश हुआ लूना–25 अंतरिक्ष यान

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के मिशन मून को बड़ा झटका लगा है। रूस का लूना–25 अंतरिक्ष यान चंद्रमा की सतह से टकराकर क्रैश हो गया है। इससे पहले शनिवार को खबर आई थी कि रूस के मून मिशन लूना–25 में लैंडिंग से पहले कुछ तकनीकी खराबी आई है। 21 अगस्त को इसकी चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग होनी थी।

रूस के लूना 25 की टक्कर भारत के चंद्रयान 3 से थी, क्योंकि उसे भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करना था, लेकिन रूस का यह मिशन असफल हो गय। 1976 के बाद यह पहला मिशन था जो रूस के



लिए काफी महत्वपूर्ण था। सोवियत संघ के पतन के बाद रूस ने कोई भी लूनर मिशन लांच नहीं किया था।

बता दें कि रूस ने अपने अंतरिक्ष यान को 10 अगस्त को लांच किया था। हालांकि इसकी लैंडिंग भारत के चंद्रयान 3 से दो दिन पहले 21 अगस्त को होनी थी। लेकिन इससे पहले रविवार को यह क्रैश हो गया। वहीं, चंद्रयान 3 की लैंडिंग 23 अगस्त की शाम छह बजकर चार मिनट पर होनी है।

रूस की स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने लूना 25 के क्रैश होने की पुष्टि की है। स्पेस एजेंसी ने बताया कि रूस का मानवरहित रोबोट लैंडर अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एजेंसी ने कहा कि लैंडिंग से पहले की तैयारी के दौरान किसी समस्या के आने के बाद शनिवार को अंतरिक्ष यान से उसका संपर्क टूट गया था। एजेंसी ने रविवार को कहा कि वह अप्रत्याशित कक्षा में चला गया और चंग्रमा की सतह से टकराव की वजह से उसका अस्तित्व समाप्त हो गया।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** शहर में एक किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए युवक ने दुष्कर्म कर दिया। पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद वह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रविवार को पुलिस को परिजनों ने सूचना दी कि उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ आशुतोष पोरवाल निवासी मायाकुंड ने दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो ऐक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। कोतवाल खुशी राम पांडे ने बताया कि आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## सनी देओल का मुंबई के जूहू में बंगला हो सकता नीलाम, नहीं चुका पाए 56 करोड़ का लोन

**मुंबई,(एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल आजकल सुर्खियों में छाये हुए हैं. उनके सुर्खियों में छाने की एक वजह तो गदर 2 मूवी की शानदार सफलता, साथ ही दूसरी वजह यह है कि उनके विला की नीलामी का विज्ञापन. इन दोनों वजह से सनी देओल चर्चा में छाये हुए है. रिपोर्ट के मुताबिक बैंक ऑफ बड़ौदा ने अभिनेता सनी देओल के विला की नीलामी का विज्ञापन निकाला है. सनी देओल ने बैंक से एक बड़े अमाउंट का लोन लिया था. इस लोन के लिए उन्होंने मुंबई के जुहू इलाके में स्थित अपना विला, जिसका नाम सनी विला है, मॉर्टगेज पर दिया था.इसके बदले उन्हें बैंक को ऑलमोस्ट 56 करोड़ रुपए चुकाने थे, जो अभी तक नहीं चुकाए गए हैं. यह लोन और इसपर लगा ब्याज वसूलने के लिए बैंक ने इस प्रॉपर्टी को नीलाम करने का निर्णय किया है. बैंक का विज्ञापन बताता है कि सनी विला की नीलामी 25 सितंबर को होगी. इस नीलामी के लिए प्रॉपर्टी का रिजर्व प्राइस 51.43 करोड़ रुपए रखा गया है. आपको बता दें कि बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक रहे सनी देओल ने बीच के 2 दशक में काफी स्ट्रगल देखा और उनकी मूवीज बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाईं.

## खडगे व सोनिया ने राजीव गांधी को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि, पीएम मोदी ने किया याद

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को यहां वीर भूमि में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पार्टी की शीर्ष नेता प्रियंका गांधी वाद्रा और के.सी. वेणुगोपाल भी उपस्थित थे। उन्होंने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। अन्य लोगों के अलावा, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अनिल कुमार चौधरी ने भी गांधी को श्रद्धांजलि दी।

इससे पहले, कांग्रेस ने एक्स(पूर्व में ट्विटर) पर अपने आधिकारिक अकाउंट पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 21वीं सदी के भारत के रचनाकार राजीव गांधी की उत्कृष्टता, उनकी दूरदर्शिता ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट छाप छोड़ी।

## पिता करता रहा 13 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

**काशीपुर।** एक कलयुगी पिता ने रिश्तों को तार–तार कर दिया। वह अपनी सगी 13 वर्ष की बेटी से दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। सीमावती क्षेत्र यूपी के एक गांव स्थित फार्म हाउस पर एक व्यक्ति काम करता है। वह इस गांव में अपनी मां और 13 वर्ष की बेटी के साथ रह रहा है। बीते रोज उसकी बेटी अपने चाचा के घर गई। उसका पेट फूला देख चाची–चाचा ने उससे पूछा तो उसने सारी कहानी बयां कर दी। बताया कि उसका पिता उसके साथ दुष्कर्म करता है, जिससे उसके पेट में दर्द है। शक होने पर उन्होंने जांच कराई तो पाया कि वह 3 माह की गर्भवती है। इस पर चाचा ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी पिता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व अन्य संगीन धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर लिया।

> पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिता अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा है, जिससे बेटी गर्भवती है। पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही बेटी का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच महिला एसआई रुचिका चौहान को सौंपी गई है, साथ ही बेटी को उसकी बुआ की सपुर्दगी में दे दिया गया है।
>
> **प्रवीण सिंह कोश्यारी,**
> **प्रभारी निरीक्षक बाजपुर।**

## श्यामपुर के एक घर में घुसा नौ फीट लंबा अजगर पकड़ा

**संवाददाता**

**ऋषिकेश।** श्यामपुर क्षेत्र के एक घर के आंगन में नौ फीट लंबा अजगर घुस आया। अजगर देख घरवालों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी ने अजगर को पकड़ जंगल में छोड़ दिया। श्यामपुर के नंबरदार फार्म गली नंबर 13 में सुबह करीब 10 बजे विक्रम सिंह चौहान के आंगन में अजगर आ घुसा। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। अजगर वहीं पास में ही मौजूद कटहल के पेड़ पर चढ़ गया। पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने मामले की सूचना वनकर्मी की दी। बाद में स्थानीय युवा भूमि लाल की मदद से सीढ़ी लगाकर वनकर्मी कमल राजपूत ने पेड़ पर चढ़ अजगर को पकड़ा और उसे जंगल में छोड़ा।

## कांग्रेस नेताओं के भाषण में एजेंसियों के दुरुपयोग की हायतौबा घोटालों की जांच का परिणाम: शाह

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज केंद्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल के 24 कथित घोटालों की सूची सार्वजनिक करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि इन घोटालों में लगातार जांच चल रही है और कांग्रेस नेताओं के भाषणों में जो जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की हायतौबा सुनाई देती है, वो इन्हीं जांचों का परिणाम है। शाह यहां राज्य सरकार के 20 वर्ष के कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत करने आए थे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित थे।

इस रिपोर्ट को जारी करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं के समक्ष लगभग 24 घोटालों के नाम गिनाए, जो पूर्ववर्ती केंद्र



सरकार और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल अन्य दलों से जुड़े हुए थे। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कभी भी राजनीतिक विद्वेष के चलते कोई कार्रवाई नहीं की। लगभग सभी घोटालों में जांच चल रही है, पर जांच की एक गति होती है और ये अदालती नियमों से संचालित होती हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं के भाषणों में जो एजेंसियों के दुरुपयोग की हायतौबा सुनाई देती है, वो इन्हीं घोटालों की जांच के परिणामस्वरूप है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर श्री कमलनाथ इस प्रकार की जानकारी चाह रहे हैं, तो वे जान लें कि इससे जांच की गति प्रभावित भी हो सकती है।

इसके पहले श्री शाह ने राज्य सरकार के कामकाज का लेखाजोखा प्रस्तुत करने के दौरान पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान के कथित घोटालों के नाम गिनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जब–जब शासन मिला, उन्होंने सिर्फ घोटाले किए। इसके साथ ही उन्होंने बोफोर्स, 2जी, सत्यम, कॉमनवेल्थ, कोयला, चॉपर, नोट के बदले वोट, आदर्श हाउसिंग, चारा, खाद्य सुरक्षा बिल, शेयर बाजार, हवाला, आईपीएल, एलआईसी हाउसिंग, राफेल लड़ाकू विमान, सब मैरीन और वॉक्सवैगन इक्विटी समेत 24 घोटालों के नाम गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस भाजपा से सवाल करने के पहले अपने गिरेबां में झांके और इन सभी का जवाब दे।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने किया सिरमौर के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**पांवटा साहिब, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश को बरसात ने इस बार कभी ना भूलने वाले जख्म दिए हैं। ऐसे में केंद्र और प्रदेश की सरकार इन जख्मों पर मरहम लगाने में जुटी है। प्रदेश और केंद्र सरकार के नेता लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज पांवटा साहिब के सिरमौरीताल में आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप और पांवटा साहिब विधायक सुखराम चौधरी भी मौजूद रहे। दोनों नेता सबसे पहले पांवटा साहिब क्षेत्र के सिरमौरी ताल गांव पहुंचे। यहां उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ित



पीड़ितों से भी की मुलाकात

सिरमौरीताल

परिवारों से मुलाकात की। साथ ही सिरमौरी ताल में बादल फटने से तबाह हुए क्षेत्र का दौरा किया। सिरमौरी ताल में एक ही परिवार के पांच लोगों की मालबे में दबकर मौत हो गई थी।

भाजपा नेताओं ने सबसे पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 707 के उस हिस्से का अवलोकन किया जहां हर साल कई बार सड़क टूटती है और लगभग एक महीने तक सड़क मार्ग बाधित रहता है। इसके उपरांत दोनों नेताओं ने बादल फटने से तबाह हुए गांव का दौरा किया। यहां केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्थानीय भाजपा नेताओं और स्थानीय प्रशासन से नुकसान के बारे में रिपोर्ट तलब की साथ ही आपदा के बारे में स्थानीय लोगों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने आपदा पीड़ितों के लिए राजबन में स्थापित राहत शिविर केंद्र का भी दौरा किया। यहां दोनों नेताओं ने विनोद कुमार से भी भेंट की। नेताओं ने बाढ़ में अपने परिवार के 5 लोगों को खो चुके विनोद कुमार को सांत्वना दी। साथ ही हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के हालात पर नजर रखे हुए हैं। केंद्र से आपदा पीड़ितों के लिए हर संभव मदद भेजने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस दौरे के बाद केंद्र के समक्ष नुकसान का ब्योरा रखेंगे। जेपी नड्डा ने आश्वासन दिया कि हिमाचल में हुए नुकसान की हर संभव भरपाई का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आपदा में प्रदेश की मदद के लिए ना केंद्र सरकार पीछे रही है, ना रहेगी। मैं प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की ओर से आपदा पीड़ितों से मिलने आया हूं आज प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मिलेगें और केंद्र सरकार के समक्ष भी हिमाचल के मुद्दे रखूंगा।

## लद्दाख में लोगों की जमीन चीन ने छीन ली: राहुल

**लद्दाख,(एजेंसी)।** लद्दाख दौरे पर आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि चीन ने यहां के लोगों की जमीन छीन ली है। उन्होंने कहा, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है।केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं।

## एजेंसियों की जांच के दबाव में भाजपा में शामिल हुए हमारे कई लोग: शरद पवार

**पुणे, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने रविवार को भतीजे अजित पवार के साथ महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए पार्टी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ नेता प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की जांच के घेरे में थे और वह जांच का सामना नहीं करना चाहता थे, इस वजह से सरकार में शामिल हो गए।

बता दें कि अजित पवार और उनके कई समर्थकों ने शरद पवार को झटका देते हुए एकनाथ सरकार को अपना समर्थन दे दिया था। जिसके बाद अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। ऐसे में शरद पवार ने पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में इस घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए बागी नेताओं पर निशाना साधा।

एनसीपी संस्थापक ने कहा कि हाल ही में हमारे कुछ लोग सरकार में शामिल हुए हैं। वे कह रहे हैं कि वे विकास के मुद्दे पर गए थे, लेकिन इसका कोई खास मतलब नहीं था। उनमें से कुछ ईडी जांच के घेरे में थे और जांच का सामना नहीं करना चाहते थे, लेकिन कुछ लोग जो अनिल देशमुख जैसे थे उन्होंने जेल जाना स्वीकार कर लिया।

पंजाब में बाढ़ से उत्पन्न हुई स्थिति पर अब राजनीति शुरू हो गई है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की तुलना रोम के कुख्यात शासक नीरो से कर दी है। उन्होंने ये भी कहा कि भगवंत मान पंजाब के अब तक के सबसे असंवेदनशील मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने पंजाब की जनता के मुकाबले छत्तीसगढ़ में पार्टी की रैली को तरजीह दी।

## इसरो ने सफलतापूर्वक पूरी की दूसरी डीबूस्टिंग, मॉड्यूल आया चंद्रमा के और करीब

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** इसरो ने रविवार को कहा कि उसने चंद्रयान–3 मिशन के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) की कक्षा को सफलतापूर्वक कम कर दिया, जिससे यह चंद्रमा के और करीब आ गया. राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी कहा कि एलएम अब आंतरिक जांच से गुजरेगा. इसमें कहा गया है कि लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान वाले एलएम के 23 अगस्त की शाम को चंद्रमा की सतह को छूने की उम्मीद है.

इसरो ने रविवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि, दूसरे और अंतिम डीबूस्टिंग (धीमा करना) ऑपरेशन ने एलएम कक्षा को सफलतापूर्वक 25 किमी & 134 किमी तक कम कर दिया है. मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग साइट पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा. संचालित वंश शुरू होने की उम्मीद है, 23 अगस्त, 2023, को लगभग 1745 बजे आईएसटी. 14 जुलाई को मिशन लॉन्च होने के 35 दिन बाद गुरुवार को चंद्रयान–3 का एलएम सफलतापूर्वक प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया था.

## लद्दाख हादसे में हिमाचल के शिमला का जवान शहीद



**शिमला, एजेंसी।** शनिवार को लद्दाख में हुए हादसे में हिमाचल के शिमला ग्रामीण उपमंडल का एक जवान भी शहीद हुआ है। शहीद जवान की पहचान विजय कुमार निवासी गांव नेहरा के तौर पर हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना में शहीद हुए सैनिक विजय कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने भारतीय सेना के आठ अन्य जवानों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया है जिन्होंने इस दुःखद घटना में अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा सदैव याद रखी जाएगी: पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख में सड़क दुर्घटना में सेना के नौ जवानों की मौत की घटना पर गहन दुख जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया , "लेह के पास दुर्घटना से दुख हुआ जिसमें हमने भारतीय सेना के कर्मियों को खो दिया है। राष्ट्र के प्रति उनकी समृद्ध सेवा सदैव याद रखी जाएगी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। जो लोग घायल हैं वे जल्द से जल्द ठीक होने की कामना।"

हादसा शनिवार को लद्दाख में लेह जिले के क्यारी शहर से सात किलोमीटर दूर उस समय हुआ, जब सेना के तीन वाहनों का एक छोटा काफिला इलाके में जा रहा था और इसी दौरान एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में नौ सैनिकों की मौत हो गयी। दुर्घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। मृत जवानों की तात्कालिक रूप से पहचान नहीं हो सकी है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने रविवार को भतीजे अजित पवार के साथ महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए पार्टी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमारे कुछ लोग सरकार में शामिल हुए हैं। वे कह रहे हैं कि वे विकास के मुद्दे पर गए थे लेकिन इसका कोई खास मतलब नहीं था। उनमें से कुछ ईडी जांच के घेरे में थे।

# कोटद्वार में फंसे भारी वाहन, पहाड़ों में होने लगी आवाश्यक सामग्री की किल्लत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** नजीबाबाद बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य भारी वाहनों का आवागमन ठप होने से पर्वतीय क्षेत्रों में पेट्रोल-डीजल सहित अन्य आवश्यक सामग्री की किल्लत होने लगी है। कई पेट्रोल पंप पर डीजल व पेट्रोल खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष कई समस्याएं पैदा होने लगी है।

- कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पिछले आठ दिन से ठप पड़ा है भारी वाहनों का आवागमन
- पर्वतीय क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंप पर खत्म होने लगा डीजल व पेट्रोल

13 जुलाई की रात हुई अतिवृष्टि से लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा धराशायी हो गया था। नतीजा, पिछले आठ दिन से` पर्वतीय क्षेत्रों में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद पड़ी हुई है।

हालांकि, फल–सब्जी सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं छोटे वाहनों से पर्वतीय क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही हैं। लेकिन, डीजल–पेट्रोल सहित अन्य खाद्यान्न के ट्रक पहाड़ नहीं चढ़ पा रहे हैं। ऐसे में पर्वतीय क्षेत्रों में कई समस्याएं उपन्न होने लगी है।

दुगड्डा, डाडामंडी, गुमखाल, लैंसडौन, सतपुली, पाटीसैंण, दुधारखाल, एकेश्वर, नौगांवखाल, चौबट्टाखाल, पोखड़ा सहित अन्य बाजारों में खाद्य आपूर्ति की किल्लत बढ़ने लगी है। कई दुकानों में आटा, चावल, चीनी, तेल सहित अन्य जरूरी खाद्या सामग्री खत्म हो चुकी है। व्यापारियों ने बताया कि उनके भारी वाहनों की आवाजाही बंद होने से उनके पास पर्याप्त सामान नहीं पहुंच पा रहा है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई चुनौतियां

भले ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने अतिवृष्टि से धराशायी हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के मलबे व बोल्डर को साफ कर यातायात सुचारु करवा दिया हो। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अब भी कई चुनौतियां है। हल्की बारिश होने पर पहाड़ी से मलबा व बोल्डर गिर रहा है। साथ ही कई स्थानों पर मार्ग के ढहने का खतरा भी बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग जेसीबी की मदद से लगातार बोल्डर व मलबे को साफ करने के कार्य में जुटा है।

## कई व्यापारियों ने बढ़ाए दाम

पर्वतीय क्षेत्रों में आवाश्यक सामग्री के पर्याप्त मात्रा में न पहुंचने की बात कहकर कई व्यापारियों ने आवश्यक सामग्री के दाम बढ़ा दिए है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर आटा, चावल व अन्य सामग्री के मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। ऐसे में यदि समय रहते भारी वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई तो ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## पहाड़ चढ़ने के इंतजार में भारी वाहन

लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा धराशायी होने के बाद कई भारी वाहन सिद्धबली के समीप खड़े होकर मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से धराशाीय हिस्से में पुश्ते का निर्माण करवाया जा रहा है। पुश्ता निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उम्मीद है कि सोमवार से भारी वाहन पर्वतीय क्षेत्रों के लिए संचालित होने लगेंगे।



कोटद्वार के कार्बेट रिसेप्शन सेंटर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर्वतीय क्षेत्र की मार्ग खुलने के इंतजार में खड़ा पेट्रो टैंकर

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलवाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन के संरक्षक मनवर सिंह चौहान ने यातायात और कार्यशाला शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में यातायात शाखा अध्यक्ष जसविंदर सिंह, शाखा मंत्री प्रभाकर जखमोला, कोषाध्यक्ष सुनील जुयाल, कार्यशाला शाखा अध्यक्ष रजनी मोहन, शाखा मंत्री अनिल नेगी, कोषाध्यक्ष प्रदीप असवाल शामिल रहे। इस मौके पर दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। शपथ ग्रहण समारोह में विनोद गुसाईं, सुनील रावत, सुनील मलिक, जितेंद्र चौधरी और कुलदीप प्रसाद आदि शामिल रहे।

# तीज महोत्सव में लक्ष्मी थापा बनीं मानसून क्वीन

**स्वर संस्था की ओर से किया गया कार्यक्रम का आयोजन,हितू प्रथम रनर अप और ज्योति खंडेलवाल रहीं द्वितीय**

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून।** लैंसडौन में स्वर संस्था की ओर से हरियाली तीज महत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने तीज और सावन के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान लक्ष्मी थापा को मानसून क्वीन का खिताब दिया गया।

हिंदू पंचायती धर्मशाला में आयोजित हरियाली तीज उत्सव का मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रामेश्वरी बढ़वाल ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को एक मंच मिलता और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर महिलाओं ने एक से बढ़कर एक तीज और सावन के गीतों की प्रस्तुति पर नृत्य किया। साथ ही कैटवॉक भी किया। निर्णायकों की ओर से द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर तीज प्रतियोगिता में लक्ष्मी थापा को मानसून क्वीन चुना गया। हितू खंडेलवाल प्रथम रनर अप, ज्योति खंडेलवाल द्वितीय और किरण अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। मानसून क्वीन को उषा खंडवाल ने ताज पहनाया। प्रथम रनर अप को कविता अग्रवाल और द्वितीय को रानी अग्रवाल ने ताज पहनाया। इस दौरान हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता में उषा खंडेलवाल ने प्रथम, रुचि अग्रवाल ने द्वितीय, शीतल खंडेलवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किरण अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पासिंग बॉल प्रतियोगिता में शीतल पहले, सोनिया दूसरे और शालिनी तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में स्वर संस्था की अध्यक्ष उषा नैथानी, सचिव लता खंडेलवाल, भावना वर्मा, उपासना अग्रवाल, उर्मिला वर्मा, ऋतु सुंद्रियाल, सुमित्रा नेगी, आशु अरोड़ा आदि मौजद रहे।



तीज उत्सव समारोह में प्रतिभाग करती महिलाएं

## एलबेंडाजॉल की दवाई खिलाई जाएगी

**पौड़ीः** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 22 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेएण्डाजाल खिलाई जाएगी। स्कूल और आगंनबाड़ी केन्द्रों में दवा खाने से छूट गए बच्चों को 29 अगस्त को मॉप अप डे दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रमेश कुंवर ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 64 हजार 41 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जानी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लाक स्तर पर दवा वितरण के साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

# विद्यार्थियों ने बनाई एंटी ड्रग दीवार



राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में एंटी ड्रग दीवार का निर्माण करते विद्यार्थी

**कोटद्वारः** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में विद्यार्थियों ने एंटी ड्रग दीवार का निर्माण कर नशे के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की दीवार पर नशे के प्रति जागरूकता करने से संबंधित चित्र बनाए। प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का भी संकल्प दिलवाया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डा.कपिल, डा.विनय देवलाल, डा.अरविंद सिंह, डा.भोलानाथ, डा.अशोक कुमार मित्तल, ऊषा सिंह, गीता, जयदीप नेगी, रोहन वेद, सन्नी, आशुतोष रावत आदि मौजूद रहे।

## भ्रामक संदेश भेजने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**पौड़ीः** मानसूनी सीजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बरसात से विभिन्न संपत्ति परिसंपत्ति के क्षतिग्रस्त होने व अन्य नुकसान से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रामक, एकपक्षीय, झूठी, और लोगों को अनावश्यक रूप से भयभीत करने वाली सूचनाओं का प्रचार प्रसार करने पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। डीएम डा. आशीष चौहान ने बताया कि इस दिनों मानसूनी सीजन चल रहा है। कहा कि यदि कोई व्यक्ति वर्तमान मानसूनी सीजन के दौरान झूठी, भ्रामक, तथ्यहीन और लोगों को अनावश्यक भयभीत करने वाली प्रचार– प्रसार संबंधी संदेश फैलाने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मां के हत्यारे को आजीवन कारावास

**पौड़ीः** जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत ने मां की हत्या के दोषी बेटे को आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया है। इस मामले में अदालत ने बीते शुक्रवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था।इस मामले में दूसरे बेटे ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामला पौड़ी थानाक्षेत्र के पाबौ चौकी का है। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भट्ट ने बताया कि पाबौ चौकी क्षेत्र के सिमखेत गांव के अजय कुमार ने तहरीर दी कि उनके भाई विकास ने 19 मार्च 2019 को अपनी मां और मेरे पर जानलेवा हमला किया। मां के सिर पर पत्थर मारा और घायल किया। साथ ही चाकू से भी वार किया और मां की कमर पर चोट आ गई। जिस पर उन्हें पौड़ी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। डाक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया और अगले दिन उनकी मां कमला देवी की मौत एम्स ऋषिकेश में हो गई। 21 मार्च 2019 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया।पुलिस ने इस मामले की विवेचना के दौरान अलग–अलग आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष नैथानी की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी बेटे विकास पुत्र स्व. यशपाल सिंह को मां का हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार का जुर्माना लगाया है। अभियोजन की ओर से इस मामले में 21 गवाह प्रस्तुत किए गए।

## राजीव गांधी की याद में किया पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस ने कंडोलिया मंदिर के समीप पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह व प्रदेश महासचिव आशीष नेगी ने कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी की उपलब्धियां की वजह से आज भी देश उन्हें याद करता है। युवा सोच वाले राजीव गांधी को 21 वीं सदी के भारत का निर्माता भी कहा जाता है। इस अवसर पर युकां के विधानसभा अध्यक्ष आयुष भण्डारी, छात्रसंघ सचिव मुकुल कुमार, अमन, ऋषभ कुमार ,देवेंद्र, जग्गी आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर सख्ती, वन विभाग ने खाली की वन भूमि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** वन भूमि पर लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण पर वन विभाग ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार रेंज की टीम ने ग्रास्टनगंज व सिद्धबली मार्ग से अतिक्रमण हटाते हुए अतिक्रमण कारियों को सख्त चेतावनी दी।

उच्च न्यायालय की ओर से वन विभाग को वन भूमि अतिक्रमण मुक्त करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसी के तहत कोटद्वार में बुद्धापार्क से ग्रास्टनगंज तिराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लैंसडौन वन प्रभाग की टीम ने मार्ग पर चार से अधिक स्थानों पर बने खोखों को जेसीबी की मदद से हटाया। साथ ही खोखा संचालकों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी। लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार रेंज के रेंजर अजय ध्यानी ने बताया कि ग्रास्टनगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति की ओर से वन क्षेत्र में पक्की सड़क के साथ ही गेट का निर्माण करवाया गया था। जिसे वन विभाग की टीम ने ध्वस्त कर दिया है।

सिम्मलचौड़ गैस गोदाम के आसपास भी कई लोगों ने वन भूमि पर पक्का निर्माण करवाया हुआ है।

इन्हें भी नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में वन विभाग ने पांच पक्का निर्माण करने वालों को नोटिस जारी किया है। जल्द ही वन विभाग पक्के निर्माण पर भी बुल्डोजर चलवाएगा।



कोटद्वार के सिद्धबली मार्ग में ग्रास्टनगंज तिराहे के समीप से अतिक्रमण हटाती वन विभाग की टीम

# जयंती पर कांग्रेस ने राजीव गांधी को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** कोटद्वार जिला कांग्रेस की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न व सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विज्ञान, कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते हुए पंचायती राज में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आरक्षण सुविधा प्रदान की।

देश के नवनिर्माण में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए मताधिकार की पात्रता आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की। तत्कालीन स्थितियों के बीच अयोध्या में रामलला के दर्शन की अनुमति प्रदान की और देश की सुरक्षा के क्षेत्र में त्रिशूल व अग्नि जैसी मिसाइल का विकास किया। उन्होंने तकनीक और विज्ञान से सम्पन्न ऐसे राष्ट्र की कल्पना की थी जो मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों से युक्त हो, जहां सांप्रदायिकता, घृणा, आतंकवाद, अशिक्षा, गरीबी जैसी बुराइयों के लिए जगह न हो।

उनकी राजनीति भेद की नीति नहीं थी बल्कि देश के विकास की उनकी परिभाषा में सर्वजन हित और सर्वसंरक्षण समाहित था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, मनबर सिंह आर्य, ओमप्रकाश कोटला, मो. स्वाले, धर्मपाल सिंह बिष्ट, रमेश चन्द्र खंतवाल, बीरेंद्र सिंह रावत, सतेंद्र सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह असवाल, मनदीप पटवाल और अमितराज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।




कोटद्वार में स्व.राजीव गांधी को श्रद्धंजलि देते कांग्रेसी।

## अभिभावक सम्मेलन का हुआ आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुलीः** नगर पंचायत सतपुली के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में रविवार को छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 80 अभिभावकों ने भाग लिया। सम्मेलन में उतराखंड बोर्ड की दसवीं कक्षा में मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शोभित बिष्ट की माता को सम्मानित किया गया।

इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय में शैक्षिक दृष्टि से हो रहे प्रयांशों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शिक्षक विजय शाह ने संस्कार और शिक्षा की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया। पूर्व प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत ने बेहतर परीक्षा परिणाम देने पर संपूर्ण विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रधानाचार्य देवी प्रसाद ने सबका आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य आमोद नेगी ने किया।

# पहाड़ों मे समृद्धि के लिए भू कानून एवं चकबन्दी अनिवार्य

**देहरादूनः** टूरिस्ट संदेश फॉउंडेशन के तत्वावधान में उत्तर-ाखण्ड में समृद्धि का मूल मंत्र भू–कानून एवं चकबन्दी विषय पर पूर्व भू वैज्ञानिक उत्तम सिहं रावत की अध्यक्षता में एक चर्चा–परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा–परिचर्चा में वक्ताओं ने पहाड़ों में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक उत्थान के लिए भू– कानून एवं चकबन्दी को अनिवार्य बताया।



देहरादू में आयोजित चर्चा की शुरुआत करते हुए सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित जोद्य सिंह बिष्ट ने कहा कि, पहाड़ की पहचान को बचाने के लिए मूल निवास का आधार वर्ष 1950 होना चाहिए तथा विधानसभा सीटों के लिए होने वाले अगले परिसीमन में सीटों का बंटवारा क्षेत्रफल के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि, यदि सीटों का बंटवारा का आधार जनसंख्या होगा तो हम पहाड़ के नाम पर बने राज्य की मूल अवधारणा को खो देगें। चर्चा में हिस्सा लेते हुए बी.बी.एस. रावत ने कहा कि, राज्य में भू– कानून, मूल निवास, परिसीमन तथा चकबन्दी के लिए एक गैर राजनैतिक संगठन (प्रेशर ग्रुप) बनाने की आवश्यकता है। चकबन्दी आन्दोलन से जुड़े चकबन्दी कार्यकर्ता कपिल डोभाल ने राज्य में चकबन्दी न किये जाने पर निराशा व्यक्त की। धाद संस्था से जुड़े तन्मय ममगांई ने परिसीमन पर लोगों को जागरूक करने के लिए विकास खण्ड स्तर पर गोष्ठियां आयोजित किये जाने पर जोर दिया। पोखड़ा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह रावत ने साझा रणनीति बनाने पर जोर दिया। चर्चा में युवा वर्ग से अनु पन्त, मोहित डिमरी, नमन चन्दोला, प्रमोद काला, लुसुन टोडरिया, मनीष केडियाल ने भी प्रतिभाग किया। सामाजिक कार्यकत्री पूजा चमोली ने ड्राफ्ट तैयार करने तथा उत्तराखण्ड की विरासत को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। चर्चा–परिचर्चा में विजय भट्ट, दीपू सुन्दरियाल, कमल बिष्ट, पवन भण्डारी आदि उपस्थित थे। आयोजक सुभाष चन्द्र नौटियाल ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# कुलसारी मनाखेत के लोगों का बागेश्वर उप चुनाव बहिष्कार का ऐलान



बागेश्वर। गरुड़ तहसील के मनाखेत कुरसाली के ग्रामीणों ने बागेश्वर विधानसभा व लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया। इसके बाद स्वीप की टीम गांव पहुंची। वहां पहुंचने पर उन्हें भी ग्रामीणों की नाराजगी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने टीक को सड़क नहीं होने की पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि वह 20 साल से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में स्वीप ने उन्हें विधानसभा मतदान के लिए मना लिया, जबकि लोकसभा चुनाव के बहिष्कार पर ग्रामीण अडिक रहे। कुलसारी के ग्रामीण 20 साल से सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने गत दिनों विधानसभा व लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया। इधर स्वीप की टीम मतदान बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में टीम रविवार को कुलसारी मनाखेत गांव पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान में भाग लेने की अपील की। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी पीड़ा बताया। टीम ने कहा कि उनकी समस्या को वह जल्द प्रशासन तक पहुंचाएंगे। गांव में सड़क लाने में ग्रामीणों की मदद भी करेंगे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए सर्किट हाउस पर प्रदर्शन

हल्द्वानी। पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर रविवार को नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कर्मचारियों ने सर्किट हाउस में प्रदर्शन किया। घंटी बजाओ अभियान के तहत सर्किट हाउस में ठहरे स्थानीय सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन देकर कहा कि राष्ट्रीय पेंशन व्यवस्था लागू करते समय कार्मिकों को भ्रम में रखा गया। इससे उनके हितों का हनन हो रहा है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच (एनएमओपीएस) के अभियान के तहत स्थानीय सांसदों के घरों की घंटी बजाकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग की जा रही है।

# जीआईसी जसकोट में लोक कला कार्यशाला का समापन



अल्मोड़ा। राजकीय इंटर कॉलेज जसकोट विकासखंड लमगड़ा में चार दिवसीय लोक कला कार्यशाला का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. जे. पी. आर्य के दिशा–निर्देशन में किया गया। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षक ए, ग्रेड लोक गायक एवं फैलोशिप अवार्डेड गोपाल सिंह चम्याल ने पारंपरिक लोकगीतों एवं पारंपरिक लोक नृत्य एवं लोक वाद्ययंत्रों के बारे में इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

चम्याल ने कहा कि डॉ. जे.पी. आर्य का प्रयास बहुत ही सराहनीय है, संगीत का विषय नहीं होने के उपरांत भी लोक कला के लिए विद्यालय के बच्चों को प्रशिक्षण दिलाना उनके अंदर अभिरुचि पैदा करना सराहनीय पहल है। कार्यशाला का आयोजन 16 अगस्त से लेकर 20 अगस्त 2023 तक किया गया। लोक संगीत प्रशिक्षण में मुख्यतः पारंपरिक छोड़ गायन, पारंपरिक लोक गायन, पारंपरिक लोक नृत्य, पारंपरिक लोक वाद्य यंत्र वादन एवं लोकनाट्य कला के गुर सिखाए गए।

# शराब के नशे में बस चलाने वाला केमू बस चालक गिरफ्तार, बस सीज



अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों, निरीक्षक, उपनिरीक्षक यातायात व इंटरसेप्टर प्रभारी को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने, रेट्रो साइलेंसर का प्रयोग कर स्टंट बाजी करने वाले, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

शनिवार को थाना देघाट के उपनिरीक्षक जीवन सिंह सामंत द्वारा पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान के दौरान तारानगर के पास रामनगर से देघाट आ रही एक केमू बस को रोककर चालक सुरेश चन्द्र, निवासी भिकियासैण अल्मोड़ा का एल्कोहॉल ब्रेथ एनालाइजर से टेस्ट किया गया तो बस चालक अत्यधिक शराब के नशे में मिला। बस में 11 यात्री सवार थी।

## कांग्रेसी बोले पूर्व पीएम राजीव गांधी के सपनों को करेंगे पूरा

हल्द्वानी। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को स्वराज आश्रम में कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किय ा गया।

महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके कुशल नेतृत्व में ही पंचायती राज की परिकल्पना साकार हुई। सूचना–संचार व कम्प्यूटर क्रांति के माध्यम से उन्होंने देश को आगे लेकर जाने का काम किया। सभी कांग्रेसी मिलकर राजीव के अधूरे सपनों को हर हाल, हर परिस्थिति में पूरा करेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर काँग्रेसजनों ने की पुष्पांजलि अर्पित



अल्मोड़ा। देश के छठें प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी की 79 वीं जयन्ती पर जिला काँग्रेस कमेटी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजीव गाँधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा देश के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों पर विचार गोष्ठी आयोजित करके उनके कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज गुडडू ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने बेहद विषम परिस्थितियों में इंदिरा गांधी के बलिदान के बाद देश की सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने आधुनिक भारत की सोच को लेकर देश के विकास में अभूतपूर्व कार्य किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ काँग्रेस नेता अधिवक्ता केवल सती ने कहा कि राजीव गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।

उन्होंने देश को अग्रणी देश बनाने के लिए अपनी युवा सोच से अनेक अभूतपूर्व निर्णय लेकर इक्कीसवीं सदी की सोच को परिलक्षित किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री (संगठन) त्रिलोचन जोशी ने कहा कि अब तक के देश के युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने युवा दृढ़ सोच एवं सिद्धान्तवादी विचार के तहत देश के युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार दिलाकर अपनी भविष्य की सोच को प्रदर्शित किया।

# श्री गंगा सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु गोष्ठी की आयोजित



अल्मोड़ा। श्री गंगा सेवा समिति द्वारा ग्राम कोट्यूणा में पर्यावरण संरक्षण हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जंगलों में लगने वाली आग के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुस्यूनी ने कहा कि हर वर्ष जगलों में आग लगने के कारण जंगल में उगी घास व पेड़ जलने लगते हैं जिससे अत्यधिक मात्रा में धुआँ और जहरीली गैस निकलती है, जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है व बरसात के मौसम में भूस्खलन और मिट्टी के कटाव का खतरा बढ़ जाता है। मिट्टी के कटाव को रोकने हेतु पेड़ों को बचाना व वक्षारोपण करना बहुत आवश्यक है। वहीं मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ताकुला सोहन कुमार ने बताया कि जंगलों में आग लगने पर सभी ग्राम वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सकता है व ग्रामवासियों से सहयोग करने की अपील की।

## स्ट्रीट फूड वेंडर का प्रशिक्षण संपन्न

हल्द्वानी। रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित फड़, ठेला आदि स्ट्रीट फूड वेंडरों की दो दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। नेस्ले कंपनी ने 80 स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रशिक्षण दिया। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर से खाद्य व्यवसायियों के लिए इस तरह का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। यहां खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से उपायुक्त कुमाऊं अनोज कुमार थपलियाल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक कैलाश टम्टा आदि रहे।

# किसानों की प्राधिकरण से वार्ता विफल

हल्द्वानी। रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के मामले को लेकर किसानों की जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सचिव के साथ वार्ता विफल हो गई है। वार्ता में अपनी शंकाओं के दूर नहीं होने पर गुस्साए किसानों ने नगर निगम के बाहर प्रदर्शन किया। किसान अपनी भूमि बेचने के मामले को लेकर डीडीए पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। मामले में शनिवार को किसानों ने बड़ा प्रदर्शन किया था। किसानों की शंकाएं दूर करने के लिए रविवार को डीडीए सचिव पंकज उपाध्याय ने नगर निगम में किसानों से वार्ता की। वार्ता में रेरा के तहत 30 फीट की सड़क मामले को किसानों ने सिरे से नकार दिया। किसानों का कहना था कि 15–20 साल पुराने घर हैं उनको तोड़कर 30 फीट सड़क बनाना कहां से तर्कसंगत है। साथ ही उनकी जोत छोटी है ऐसे में 30 फीट की सड़क नहीं बनाई जा सकती। मामले में सहमति नहीं बनती देख किसान वार्ता कक्ष से बाहर आ गए। पूर्व प्रधान बलजीत सिंह का कहना था कि किसानों को अपनी स्थिति के अनुसार जमीन खरीदने, बेचने की छूट मिलनी चाहिए।

## समूह पर पैसे गबन कर भागने का आरोप

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने सहकारिता विभाग की ओर से स्वीकृत एक समूह पर दैनिक संग्रह का पैसा लेकर भागने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में रंजीत सागर निवासी आम्बेडकर नगर बरेली रोड ने कहा, उसने बीते वर्षों में एक समूह में गजेन्द्र नेगी व उसकी पत्नी के माध्यम से हजारों रुपये तीन खातों में दैनिक संग्रह किया था। 2022 में परिपक्वता पूर्ण होने पर वह समूह बैंक में पैसे लेने गया,

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर उदय शंकर फोटोग्राफी एकैडमी ने आयोजित की फोटो वॉक



अल्मोड़ा। उदय शंकर फोटोग्राफी एकैडमी अल्मोड़ा द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस पर ग्राम सत्यों में एक फोटो वॉक का आयोजन किया गया। जिसमें अल्मोड़ा हल्द्वानी, काशीपुर के छायाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गांव में प्रवेश करने के बाद ग्रामीण परिवेश के विभिन्न आयामों के दृश्य छायाकारों द्वारा खींचे गए, जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीणों के परंपरागत आवास, बाखली, आंगन, गोठ प्राचीन काल के विभिन्न मंदिरों आदि का छायांकन किया गया।

इसके अतिरिक्त गांव के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की वीडियोग्राफी की गई। उदय शंकर फोटोग्राफी अकादमी के संरक्षक मनमोहन चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य एवं आवासीय शिल्प कला का विशेष स्थान है जो युवा छायाकारों को आंचलिक लोक संस्कृति परंपरा सीखने के लिए प्रेरित करता है। संस्था उपाध्यक्ष चेतन कपूर द्वारा हो रहे फोटोग्राफी क्षेत्र मे नई टेक्नोलॉजी पर चर्चा की गई। साथ ही संस्था के सचिव जयमित्र सिंह बिष्ट ने कहा फोटोग्राफी को अपना कैरियर बना कर आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

## असों के पास बैली ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू

बागेश्वर। बागेश्वर–कपकोट मोटर मार्ग स्थित असों नाले के निकट क्षतिग्रस्त भाग में वैली ब्रिज निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते दो दिन के लिए रूट डायवर्ड किया गया है। कपकोट जाने वाले वाहन बेड़ा–मझेड़ा होते हुए खीरगंगा के पास पहुंचेंगे। ब्रिज तैयार होने के बाद कपकोट क्षेत्र में बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी और खाद्यान्न संकट भी दूर होगा। मालूम हो कि असों के पास बना स्कबर गत दिनों हुई बारिश से आधे से अधिक बह गया। इस कारण कपकोट, भराड़ी क्षेत्र में बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने बीआरओ को 24 घंटे के भीतर ब्रिज निर्माण के निर्देश दिए। इसके लिए टनकपुर से सामग्री भी मंगाई गई, लेकिन मार्ग बंद होने से सामग्री समय पर नहीं पहुंच पाई।

# ताम्र उद्योग को आगे बढ़ाने का होगा कार्य



बागेश्वर। कांग्रेस प्रत्याशी बंसत कुमार ने कहा कि खरेही में तांबा उद्योग को बढ़ाया जाएगा।

इस कार्य में जुड़े लोगों को भी प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद को धर्म का ठेकेदार बताती है, लेकिन बागनाथ मंदिर में बर्षात के दिनों में खुले में पुजारी बैठे रहते हैं, लेकिन उनकी सुध लेना वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बीजेपी अलग–अलग तरीके से वसंत कुमार के बारे में गलत छवि को दिखाया जा रहा है। जाति और धर्म से साथ चलने वाला हूं। सीवर लाइन और मंडलसेरा कठायतबाड़ा में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। चुनाव से पहले ही छह डॉक्टरों का जिला अस्पताल से तबादला किया गया है।

# पुरानी पेंशन योजना की हो बहाली



हल्द्वानी। पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग के लिए घंटी बजाओ अभियान के तहत आज कर्मचारियों ने क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन सौपा। सर्किट हाउस काठगोदाम में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि लंबे समय से कर्मचारी के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली योजना की मांग की जा रही है। इसके बाद भी राज्य सरकार कर्मचारियों के हित में कोई निर्णय नहीं ले रही है । जबकि पड़ोसी राज्य हिमाचल के साथ ही कई राज्यों ने इसे लागू कर दिया है। कहा कि जल्द कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय नहीं ले जाने पर कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इसके साथ ही आने वाले चुनाव में सामूहिक रूप से पुरानी पेंशन बहाली की पक्ष में निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर मीनाक्षी कीर्ति, मदन बर्थवाल, पीसी जोशी, हुकुम सिंह नयाल, विजय गुररानी, अंजू मिश्रा, गोपाल बिष्ट, कन्नू जोशी मौजूद रहे।

## आईटीआई के लिए 50नाली भूमि देने पर जताई सहमति

बागेश्वर। जन संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई। कठपुड़ियाछीना में संचालित आईटीआई में नये ट्रेड खोलने की मांग की गई। भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों ने 50 नाली भूमि देने पर भी सहमति जताई।

जल्द इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को देने की मांग की गई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। समिति अध्यक्ष नरेंद्र रावत की अध्यक्षता में कठपुड़ियाछीना में रविवार की आयोजित बैठक में लंबित समस्याओं पर चर्चा की। रावत ने कहा कि आईटीआई में नये ट्रेड खोलने के लिए क्षेत्र के लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उनकी इस समस्या ओ देखते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने निदेशक आईटीआई व सेवायोजन हल्द्वानी को पत्र लिखा है।

# विधिक सहायता का विषय जनसामान्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण, उठाएं लाभः न्यायमूर्ति मनोज तिवारी



अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आज राजकीय इंटर कॉलेज खिरखेत में हुआ। इस विधिक जागरूकता शिविर में उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथिगणों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस आयोजन में नवोदय विद्यालय के स्कूली बच्चों ने भिन्न भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इस दौरान न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान दी। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक अनुच्छेदों का जिक्र करते हुए भारतीय न्याय व्यवस्था में गरीबों, वंचितों एवं जरूरतमंदों के लिए किए गए विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता का विषय जनसामान्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से लोगों को कानूनी सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस शिविर में जिला प्रशासन के माध्यम से विभिन्न विभागों के 40 विभागीय स्टॉल लगाए गए जिसके माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को प्रदान की गई।

# तुणगी—भटकोट मार्ग का चट्टानी मलबा बना परेशानी



नई टिहरी। ऋषिकेश—बदरीनाथ राजमार्ग से जुड़े तुंणगी भटकोट मार्ग का चट्टानी मलबा यहां बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस मार्ग पर अटके बड़े बोल्डर भारी बारिश में राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनो के ऊपर कभी भी गिर सकते हैं। राजमार्ग से जुड़े तुणगी भटकोट मार्ग का निर्माण साल 2020 में शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत में ही पहाड़ी को काफी ऊंचाई तक काट दिये जाने से यहां लगातार भू—स्खलन की स्थिति बनी हुई है। यहां से भारी बोल्डर राजमार्ग पर गिर चुके हैं। गनीमत यह रही इनकी चपेट में कोई वाहन व व्यक्ति नहीं आया। यहां दरक रही पहाड़ी से आस पास के घरों को भी खतरा बन गया है। इन घरों के नीचे जिला योजना से बना 5 लाख का पुश्ता भी पूरी तरह धंस चुका है। ग्राम प्रधान अरविंद जियाल के अनुसार, लोनिवि से यहां स्थाई ट्रीटमेंट किये जाने की लगातार मांग की जा रही है। मगर अभी तक इस बाबत कोई कार्रवाही की गयी है। निर्माणाधीन तुंणगी भटकोट मार्ग से राजमार्ग ही नहीं इसके नीचे स्थित लोनिवि मार्ग पर भी भारी बोल्डर गिर चुके हैं। जिससे यहां बना रामकृष्ण मिशन का आश्रम किसी तरह बच पाया है। क्षेत्रवासियों ने बदरी केदार यात्रा की सुरक्षा की दृष्टि से तुणगी भटकोट मार्ग का मलबा तत्काल हटाये जाने की मांग प्रशासन से की है।

## डीएम ने बैंकर्स समिति की बैठक ली

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित जिला सभागार में बैंकर्स की समिति की बैठक लेते हुये बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिये आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। डीएम ने अधिकारियों को फिल्ड में जाकर अच्छा काम करने, ब्लॉक लेबल बैंकर्स कमेटी (बीएलबीसी) का रोस्टर बीडीओ को उपलब्ध कराने के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय पर शत—प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिये। डीएम ने एसबीआई और पीएनबी अधिकारियों को ऋण जमा अनुपात के सीडी रेश्यों में सुधार लाने, सीएम स्वरोजगार योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार, पं. दीनदयाल (होमस्टे) योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लबिंत प्रकरणों की सूची तैयार कर उपलब्ध करने को कहा। डीएम ने आवेदकों स्वीकृत योजनाओं के तहत तत्काल ऋण देने के निर्देश भी दिये। इसके साथ डीएम ने दुरस्त क्षेत्रों में कैंप लगाने, पशुपालन, मस्त्य एवं डेयरी विकास विभाग को कृषकों से सेल्फ लोन लेने के लिये प्रेरित करने को कहा।

# कांग्रेस ने पालिका क्षेत्र में संगठन का विस्तार किया

नई टिहरी। कांग्रेस पार्टी ने नई टिहरी नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत 70 नये लोगों को विभिन्न पदों का दायित्व सौंपा हैं। प्रतापनगर विधायक और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से मिलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। रविवार को नई टिहरी स्थित एक निजी होटल में पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री राजीव गांधी की 79 जयंती पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष राकेश राणा की संस्तुति के बाद शहरध्यक्ष कुलदीप पंवार ने पालिका क्षेत्र में 70 लोगों के पदाधिकारी बनाये जाने की घोषणा की। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष, शहरध्यक्ष सहित कांग्रेस के वरिष्ठ लोगों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला से स्वागत का उन्हें उनके दायित्व के पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि जिन लोगों को पार्टी ने दायित्व सौंपा है, वह संगठित होकर पार्टी के हित में कार्य करें, और पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें। पार्टी जिलाध्यक्ष ने सभी लोग से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को पार्टी से जोड़ने को कहा है।

नव नियुक्त शहर कमेटी में निहाल सिंह नेगी और सबलू ईमरान खान को प्रवक्ता, किशोर सिंह मद्रवाल कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र राणा, महावीर नेगी, शलिम खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के अलावा छह लोगों को उपाध्यक्ष, 14 को महासचिव, 32 को सचिव, सात को सह सचिव तथा तीन लोगों को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इससे पूर्व कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, सूरज राणा, विजय गुनसोला, नरेन्द्रचंद रमोला, ज्योति प्रसाद भट्ट, साहब सिंह सजवाण, देवेन्द्र नौडियाल, प्रवीण भंडारी, आनंद बेलवाल, मान सिंह रौतेला, मर्शरफ अली, मरारीलाल खंडेलवाल, शाक्ति जोशी, विनीता देवी, देवी,विमला देवी,शाकंबरी देवी, पूनम पंवार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आप ने रिपेयर कैंप लगाकर रजिस्ट्रेशन कराए

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने वार्ड 58 फुटबॉल ग्राउंड में निशुल्क रिपेयर कैंप के माध्यम से इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर, वेल्डिंग संबंधित लोगों की समस्याओं और उनके निराकरण के लिए रजिस्ट्रेशन कर—ए। पार्टी की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि प्रत्येक रविवार को आम आदमी पार्टी मोहल्ला रिपेयर कैंप के माध्यम से लोगों की छोटी—छोटी घरेलू समस्याओं से संबंधित कार्य के लिए नि:शुल्क जनसेवार्थ कैंप लगाकर निराकरण कर रही है। अब तक 200 से ज्यादा परिवारों के कार्य कैंप के माध्यम से कराए जा चुके हैं।

# एक देश एक संकल्प गौमाता हो राष्ट्रमाताः गोपालमणि

देहरादून। गौ कृपालुकांक्षी संत गोपाल मणि महाराज ने कहा है कि देश को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए संकल्प बद्ध होना होगा। गौ को उचित सम्मान दिलाकर ही कल्याण हो सकता है। रेसकोर्स स्थित गुरु नानक इंटर कॉलेज प्रांगण में गौमाता राष्ट्रमाता के संकल्प के साथ चल रहे गौ प्रतिष्ठा महोत्सव पर गोपाल मणि महाराज ने कहा कि सिर्फ एक ही संकल्प भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काफी है। गौ माता की विशेषताओं का वर्णन विज्ञान में भी सिद्ध है, पौराणिक ग्रंथों में गौ माता के बारे में हजारों सालों से कहा ही जा रहा है। भारत में गौ माता को उचित स्थान दिलाने का संकल्प हर परिवार को लेना चाहिए। कथा स्थल पर 31 से अधिक व्यास व आचार्यों द्वारा मूलपाठ किया जा रहा है, साथ ही 21 यज्ञाचार्यों द्वारा महायज्ञ किया जा रहा है। गौ महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा। प्रवक्ता डॉ.रामभूषण बिजल्वाण ने बताया कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के उदेश्य से 20 नवंबर गोपाष्टमी के अवसर पर रामलीला मैदान दिल्ली में विशाल रैली होने जा रही है। सांयकालीन बेला में गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी, पद्मश्री डॉ. प्रीतम भरतवाण सांस्कृतिक समा बाधेंगे। जिसके लिए गौ भक्त तैयारियों में जुटे हुए हैं। मौके पर कुलानंद नौटियाल, बलबीर सिंह पंवार, बृजलाल रतूड़ी, रविन्द्र राणा, घनश्याम नेगी, मदन प्रसाद देवली, आचार्य राकेश सेमवाल, सुभाष सकलानी, सूरतराम डंगवाल, सुशील गौड़ मौजूद रहे।

## पूर्व पीएम स्व.राजीव गांधी की जयंती पर हुई गोष्ठी आयोजित

रुद्रप्रयाग। आधुनिक भारत के निर्माता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती पर जनपद में कांग्रेस कमेटी द्वारा उन्हें याद किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी का आधुनिक भारत के निर्माण एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। कहा कि जिस तरह आज देश संचार क्रांति में तेजी से आगे बढ़ गया है ।

## आंदोलनकारी महिलाओं ने भजन व नृत्य के साथ मनाया तीज

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के सांस्कृतिक मोर्चा समूह ने शहीद स्मारक में घी सक्रांद व तीज उत्सव धूमधाम से मनाया। आंदोलनकारी मोर्चा की महिलाओं ने नृत्य, भजन के साथ ही तीज गीतों के साथ ही झूला डालकर तीज मनाया। प्रतिभागी महिलाएं पारंपरिक पोशाकों में मौजूद रही। तीज क्वीन का पुरस्कार राधा तिवारी, सरिता जुयाल, रजनी रावत, अरुणा थपलियाल, सुमन कंडारी ने जीते। सांस्कृतिक मोर्चा की अध्यक्ष सुलोचना भट्ट और संयोजक प्रभा नैथानी ने कार्यक्रम की रूप रेखा रखी। राधा तिवारी, रजनी रावत, अरुणा थपलियाल ने प्रांगण में झूला डाला और शहीदों को खीर का भोग लगाकर उनके निमित श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजीव गांधी की जयंती पर हुई श्रद्धांजलि सभा आयोजित



देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने देश के विकास में स्व. राजीव गांधी के योगदान, आधुनिकीकरण की दिशा में उठाए कदमों को याद किया। महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि जिस डिजिटल इंडिया की आज चर्चा हो रही है, वह भी राजीव गांधी की सोच से ही निकली है। कांग्रेस डिस्पेंसरी रोड स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया और दून अस्पताल में मरीजों को फल बांटे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी, अभिषेक तिवारी, राजेश पुंडीर, मोहन जोशी, अजीत शर्मा, सुभाष धीमान, फारुक राव, शहजाद अंसारी, रवि हसन, पिंटू मौर्य, मोहम्मद इस्लाम, चुन्नीलाल, अरविंद गुरुंग, अमनदीप सिंह, वीरेंद्र पंवार, मरगूब आलम, अरुण बलूनी, हेमंत उप्रेती, सावित्री थापा, सुनीता गुप्ता, मंजू त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

देहरादून। कांग्रेसियों ने डिस्पेंसरी रोड स्थित राजीव गांधी कांप्लेक्स में स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर स्व. राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आधुनिक भारत में स्व.राजीव गांधी के योगदान को याद किया। कहा कि आधुनिक सोच और उनकी दूरदर्शिता से देश के विकास को नई दिशा मिली। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, पार्षद नीनू सहगल, पार्षद अर्जुन सोनकर, निखिल कुमार, राहुल शर्मा, अनूप कपूर, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, सोम प्रकाश वाल्मीकि, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील बांगा, दिनेश गुप्ता, नागेश्वर रतूड़ी, राजेंद्र सिंह नेगी, जयपाल छाबड़ा,मोहित भाटिया, चरण समेत अन्य मौजूद रहे।

**संस्थाओं ने भी दी श्रद्धांजलि**

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कई सामाजिक संगठनों ने एमडीडीए कंपलेक्स डिस्पेंसरी रोड पर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी होगी कि देश और राज्य का चौमुखी विकास हो और देश आंतकवाद से पूर्णतया मुक्त रहे।

# उक्रांद ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड क्रांति दल ने कोटद्वार क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सरकार से जल्द व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई।

यूकेडी के अध्यक्ष डा. शक्ति शैल कपरवाण के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें जग दीपक सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी ,पुष्कर सिंह रावत ,सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी श्रवण सिंह रावत ,भारत मोहन काला सम्मिलित है। डा.शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि मालिनी खोह,सुखरौ, नदी व ग्वालगढ़, पनियाली स्रोत, गेवईं स्रोत,तेली स्रोत के तटीय क्षेत्रों में बसे सैकड़ो परिवारों को आवास क्षति, भूमि क्षति की पीड़ा सहन करनी पड़ी है। कपरवाण ने कहा कि कोठला में विष्णु प्रयाग श्रीनगर, मुजफ्फरनगर ट्रांसमिशन लाइन जो 400 हेवी पावर की है। उसका टावर नंबर 443 मालिनी नदी के किनारे स्थित है। मालिनी नदी के तेज बहाव से टावर की जड़े काफी कमजोर हो रही हैं। यदि यह टूटा तो कई किलोमीटर तक बिजली का करंट फैल सकता है। भगत सिंह राव कोटला ग्राम निवासी भगत सिंह रावत और कैलाश चंद्र आदि गांव वासियों ने बताया कि वह रात भी भय के मारे सोते तक नहीं हैं। गांव में भारी भय व्याप्त है ।टावर की जड़ को मजबूत बनाने के लिए उसके चारों को कम से कम 30 मीटर तक सुरक्षा दीवार बनाई जानी चाहिए। डॉ कपरवाण ने कहा कि मालिनी खोह,सुखरौ नदियों व अन्य स्रोतों के भयानक प्रवाह और बाढ़ से सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार बनाई जानी चाहिए और गांव वासी पीड़ितों के लिए आपदा प्रबंधन कार्य सुचारू रूप से ,तेज गति से चलाया जाना चाहिए। मालिनी नदी पर टूटे पुल का कारण पोकलैंड ,जेसीबी मशीनों द्वारा पुल के पिलरों की जड़ों पर किया जाने वाला खनन है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष सुखरौ नदी स्थित पुल भी अवैध खनन का शिकार बना था। इन सभी नदियों पर बने पुल की रक्षा हेतु सुरक्षा दीवार व पिलरों के चारों ओर मजबूत सुरक्षा दीवार बनाई जानी चाहिए। आवास और भूमि को बचाने के लिए भी नदियों के किनारों पर सुरक्षा दीवार बननी चाहिए और नदियों के बहाव को मध्य में रहे ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। यदि समय पर व्यवस्थाओं को बेहतर नहीं बनाया गया तो उक्रांद आंदोलन करेगा।

## कांग्रेस कार्यसमिति में हरीश रावत, गणेश गोदियाल शामिल

देहरादून। कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति में उत्तराखंड से पूर्व सीएम हरीश रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को शामिल किया गया है। इसके अलावा प्रभारी के तौर पर देवेंद्र यादव और देहरादून के निवासी गुरदीप सिंह सप्पल को भी कांग्रेस की इस सर्वोच्च संस्था में जगह मिली है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कांग्रेस कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से रविवार को जारी सदस्यों की लिस्ट अनुसार इसमें उत्तराखंड से पूर्व सीएम हरीश रावत को स्थायी निमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। स्थायी निमंत्रित सदस्य में ज्यादातर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को जगह मिली है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को विशेष निमंत्रित सदस्य के तौर पर कार्यसमिति में जगह दी गई है। साथ ही उत्तराखंड प्रभारी के तौर पर देवेंद्र यादव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी के तौर पर गुरदीप सिंह सप्पल भी कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किए गए हैं।

# पाताल ती और सुनपट देखकर भावुक हुए दर्शक

देहरादून। देहरादून में आयोजित दो दिनी आयोजन अनुभूति उत्तराखण्ड में रविवार को भी चर्चित फिल्में पाताल ती और सुनपट दिखाई गई। दर्शक इन फिल्मों को देखकर भावुक दिखे और उत्तराखंड के प्रतिभाशाली युवाओं द्वारा बनाई गई उच्च कोटि की इन फिल्मों को देख उत्साहित भी नजर आए।गढ़ी कैंट निंबूवाला स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में 'सुनपट' और 'पताल—ती' देखने के बाद दर्शकों ने अपनी प्रतिक्रिया में इन दोनों शार्ट फिल्मों के निर्माता निर्देशक व अन्य कलाकारों की तारीफ की। दर्शक संतोष पोखरियाल ने कहा कि उत्तराखण्ड सिनेमा के लिए इस तरह की फिल्में और उनका प्रदर्शन एक परंपरा की शुरूआत है। एक तरफ पताल ती के अध्यात्मिक सफर ने लोगों को हैरान किया तो दूसरी ओर सुनपट ने लोगों को हंसाने के साथ भावुक भी किया। दर्शक क्षितिज जखमोला ने बताया कि दोनों फिल्मों की एप्रोच काफी अलग है। उत्तराखंड के फिल्मकार इस स्तर की फिल्में भी बना सकते हैं, उन्हें इसका अंदाजा नहीं था। सुहाषिनी पंत, देवेश्वरी भट्ट ने कहा कि दोनों फिल्में गहराई लिए हुए है। वहीं इन फिल्मों के प्रदर्शन के बाद दर्शकों ने दोनों फिल्मों के निर्देशक राहुल रावत और संतोष रावत से सवाल जवाब किए। मौके पर रंगकर्मी श्रीश डोभाल, आशु रावत, जया शर्मा, रोहित रावत, दिव्यांशु रौतेला मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय स्तर पर मिल चुके सम्मान**

पाताल ती को 2022 और सुनपट को 2021 में भारत सरकार द्वारा गोवा के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल में 'इंडियन पैनोरमा' सम्मान प्राप्त हुआ है। सुनपट के निर्देशक और अनुभूति उत्तराखण्ड के संस्थापक राहुल रावत ने कहा कि इन फिल्मों के जरिए उत्तराखंड में सिनेमा का मार्केट बनाने की कोशिश की जा रही है।

## डीएवी में स्नातक अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को 25 तक रजिस्ट्रेशन का मौका

देहरादून। डीएवी कालेज में सत्र 2023—24 में पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए कॉलेज के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। स्नातक अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को भी सीयूईटी स्कोर के आधार पर रजिस्ट्रेशन का मौका 25 अगस्त तक दिया जाएगा। डीएवी पीजी कॉलेज में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर केआर जैन ने बताया कि परास्नातक(पीजी) कक्षाओं में एमए, एमएससी एमकॉम व विधि में कॉलेज की वेबसाइट पर रजिस्टेशन जारी है। प्रवेश प्रक्रिया प्रभारी डॉ. रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभी कॉलेज स्नातक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं जारी हैं। इसलिए विश्वविद्यालय की प्रक्रिया को अपनाते हुए सभी छात्र—छात्राओं से जो अंतिम सेमेस्टर में हैं और जिनके परिणाम आने शेष हैं, उनसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय प्रमाण पत्र लिया जाएगा।

# वर्किंग मॉडल्स में कन्हैया और नान वर्किंग में ईशांशु अव्वल रहे

नई टिहरी। विद्या भारती की ओर से सविमं इंटर कॉलेज उनियाल सारी चंबा में संचालित विज्ञान मेले में छात्र—छात्राओं ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर विज्ञान की सोच प्रदर्शित की। बाल वर्ग वर्किंग मॉडल्स में कन्हैया डिमरी और नान वर्किंग मॉडल्स में ईशांशु अव्वल रहे। सविमं इंटर कॉलेज उनियाल सारी चंबा में आयोजित विज्ञान मेला का प्रधानाचार्य इंद्रपाल परमार, शिक्षाविद सोमवारी लाल सकलानी और पूर्व सैनिक संगठन संरक्षक इंद्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान में शोध और आविष्कार की असीम संभावनाएं हैं, छात्र—छात्राओं को विज्ञान विषय पर ध्यान लगाकर अध्ययन करना चाहिए। मेला में बाल वर्ग वर्किंग मॉडल्स में कन्हैया डिमरी प्रथम, आयुषी व कल्पना द्वितीय, आदर्श व अमन ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान हासिल किया। नान वर्किंग मॉडल्स में ईशांशु प्रथम, अंशुल, मनीष, शिवम द्वितीय तथा अनुज व अतुल तृतीय पर रहे। किशोर वर्किंग वर्ग में खुशी, अनुराधा, नैंसी, रिया प्रथम, अक्षिता, श्रुति, सलोनी, प्रियांश द्वितीय और शिवम, सुजल तृतीय हासिल किया। इसी वर्ग की नॉन वर्किंग मॉडल्स में आदित्य प्रथम, बादल गुप्ता व आदर्श द्वितीय, आर्यन, आयुष व प्रवेश तृतीय रहे। तरुण वर्ग वर्किंग मॉडल्स में आर्ची प्रथम, राजवीर, प्रियांश द्वितीय और प्रशांत व सूर्यांश तृतीय। नॉन वर्किंग मॉडल्स में प्रियांशु नेगी व प्रियांशु पुंडीर प्रथम, मनीषा द्वितीय, करन व अजय कोहली तृतीय रहे। विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर तिलकराम चमोली, हरीश जोशी, महावीर नेगी, दिनेश, डा.पदम, प्रमोद सिरस्वाल, प्रियंका भंडारी, मोहनलाल सेमवाल, राहुल बिजल्वाण, राकेश कठैत, उपेंद्र नवानी, किशोर नौटियाल, सोहन लाल, वीरेंद्र पुंडीर मौजूद थे।

## हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल जन्म दिवस समारोह आयोजित

रुद्रप्रयाग। कलश ट्रस्ट द्वारा चन्द्रकुंवर बर्त्वाल के जयंती पर उनके कर्मभूमि पंवालिया में हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल जन्म दिवस समारोह आयोजित किया। इस मौके पर कविवर को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जबकि चन्द्रकुंवर की कविताओं का पाठ किया गया। पंवालिया में आयोजित कार्यक्रम में कलश के संयोजक ओमप्रकाश सेमवाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि कवि की कर्मभूमि में कलश को कार्यक्रम करने का अवसर मिला है। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि मुरली दीवान ने कहा कि पंवालिया में आकर एक अलक अहसास की प्राप्ति हुई है।

## शिक्षकों ने बैठक कर समस्याओं पर मंथन किया

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन टिहरी ने जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में बैठक कर शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की।

डायट में आयोजित बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा जिला सहकारी बैंक से लंबे समय से शिक्षकों को कैश क्रेडिट ऋण ब्याज दर को कम करने तथा अन्य बैंकों की भांति फ्री इंश्योरेंशन देने की मांग की हैं। कहा बैंक द्वारा सीसीएल को लेकर शिक्षक संगठनों को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है, जिससे शिक्षक में रोष बना है। उन्होंने बैंक से ऋण की ब्याज दर में कटौती की मांग को लेकर संगठन को विश्वास में लिये जाने की मांग की है। कहा जल्द उनकी मांग पर कोई उचित निर्णय नहीं लिया जाता है,तो शिक्षकों से अपने बैंक खातों के संचालन हेतु अन्य बैंकों के लिये भी स्वतंत्र होंगे।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर सांसद कार्यालय पर प्रदर्शन



देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर, एनएमओपीएस उत्तराखंड से जुड़े कर्मचारियों ने रविवार को हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के कार्यालय पर घंटी और शंख बजाकर प्रदर्शन किया। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली के नेतृत्व में कार्मिक रविवार सुबह गांधी शताब्दी अस्पताल के पास एकत्रित हुए।

यहां से उन्होंने सांसद निशंक के कार्यालय तक जुलूस निकाल पुरानी पेंशन के समर्थन में नारे बाजी की। सांसद की गैरमौजूदगी में उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही तय कार्यक्रम के मुताबिक घंटी ओर शंख बजाकर अपनी बात रखी गई। इस मौके पर पैन्यूली ने कहा कि कर्मचारी शांतिपूर्वक तरीके से पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को सांसदों को ज्ञापन दिया गया। हल्द्वानी में स्थानीय इकाई ने सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है। महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने कहा कि अब भी सरकार नहीं जागी तो 2024 के लोकसभा चुनावों में वोट फॉर ओपीएस चलाया जाएगा, सभी कर्मचारी एकजुट होकर अपने मत का प्रयोग करेंगे। वक्ताओं ने सभी से एक अक्टूबर को प्रस्तावित दिल्ली चलो अभियान को सफल बनाने की भी अपील की। इस मौके पर कोषाध्यक्ष शांतनु शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत, प्रवक्ता सूर्य सिंह पवार, मीडिया प्रभारी मनोज अवस्थी के साथ ही हर्षवर्धन जमलोकी, कीर्ति भट्ट, हेमलता काजलिया, अमित शेखर नेगी, रुचि पैन्यूली, पुष्कर राज बहुगुणा, संतोष कुमार, सुनील गुसाईं, संजीव गुसाईं, रणजीत सिंह, रमेश बर्थवाल, बच्ची सिंह, पुष्कर सिंह नेगी उपस्थित रहे।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सी.ई.ओ. ने किया नोएडा में अत्याधुनिक रेलवे हेल्थ यूनिट का उद्घाटन

## रेलवे लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधा का एक नया युग

**नोएडा, ( प्रतिनिधि)।** नोएडा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण, क्योंकि भारतीय रेलवे अपने लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आज उठाया गया है ।

नोएडा के सेक्टर 1 स्थित इरकॉन भवन में रेलवे हेल्थ यूनिट का उद्घाटन आज श्री अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष एवं सी.ई.ओ. रेलवे बोर्ड द्वारा श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुगंधा राहा, महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवाएँ और श्री सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली तथा रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



नोएडा के मध्य में स्थित और मेट्रो नेटवर्क से निर्बाध रूप से जुड़ी यह अत्याधुनिक हेल्थ यूनिट सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ रेलवे लाभार्थियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। इस सुविधा की स्थापना आसपास के क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त रेलवे कर्मियों के लिए राहत की किरण है। अब इन सेवानिवृत व्यक्तियों को अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा, खासकर जब उन्हें बढ़ती उम्र की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हो।

विस्तार से डिजाइन की गई, रेलवे हेल्थ यूनिट एक शांत और सुखदायक माहौल का प्रतीक है जो मरीजों को आराम देने के लिए तैयार है। इसके शीर्ष पर एक समर्पित वरिष्ठ डॉक्टर के साथ-साथ कुशल स्टाफ है, जिसे लाभार्थियों की विविध स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चुना गया है। इस हेल्थ यूनिट के स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है, यह सुनिश्चित करना कि सम्मानित सेवानिवृत्त रेलवे कर्मियों को उनके पड़ोस में ही आरामदेह चिकित्सा की सुविधा मिले।

यह प्रावधान कर्मचारियों की अनुपस्थिति में परिवार के सदस्यों को आसानी से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने की अनुमति देता है, इस प्रकार पूरे रेलवे समुदाय के लिए आश्वासन और कल्याण की भावना को बढ़ावा मिलता है।

इसके अलावा, रेलवे हेल्थ यूनिट बहु-विशेषता स्वास्थ्य शिविरों की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो लाभार्थियों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता के बिना विशेष डॉक्टरों से परामर्श करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह अभिनव दृष्टिकोण भारतीय रेलवे के समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है, जो चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में सुविधा और उत्कृष्टता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। यह सुविधा इरकॉन के सामूहिक प्रयास के बिना संभव नहीं हो पाती।

उद्घाटन समारोह गर्व और उपलब्धि का क्षण, जो अपने सम्मानित लाभार्थियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रेलवे हेल्थ यूनिट रेलवे लाभार्थियों के लिए नोएडा में चिकित्सा सेवाओं के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करते हुए, स्वास्थ्य सेवा पहुंच के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है।

# उत्तर कोरियाई खतरों के बीच दक्षिण कोरिया, अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करने के लिए तैयार

**सियोल, (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका इस सप्ताह प्रमुख संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करने के लिए तैयार हैं क्योंकि सहयोगी उत्तर कोरिया से बढ़ते सैन्य खतरों के खिलाफ संयुक्त तैयारी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

संपूर्ण युद्ध परिदृश्य पर आधारित वार्षिक उलची फ्रीडम शील्ड (यूएफएस) अभ्यास सोमवार से 31 अगस्त तक होने वाला है, जिसमें विभिन्न आकस्मिक अभ्यास शामिल होंगे, जैसे कंप्यूटर सिमुलेशन-आधारित कमांड पोस्ट अभ्यास, समवर्ती क्षेत्र प्रशिक्षण और उलची नागरिक सुरक्षा अभ्यास।

ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के एक अधिकारी के अनुसार, अभ्यास अवधि के दौरान लगभग 30 संबद्ध क्षेत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम होने वाले हैं, जबकि इस साल के स्प्रिंगटाइम फ्रीडम शील्ड अभ्यास के दौरान 25 और पिछले साल के यूएफएस में 13 थे।

इस वर्ष के यूएफएस में युद्धकाल में तेजी से संक्रमण के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ युद्धकाल या आकस्मिक स्थिति के दौरान प्योंगयांग द्वारा फैलाई गई झूठी सूचनाओं का जवाब देने के लिए परिदृश्य शामिल करने के लिए जाना जाता है।

यूएस फोर्सेज कोरिया (यूएसएफके) के अनुसार, सहयोगियों की सेना, नौसेना, वायु सेना और समुद्री कर्मियों के अलावा, अमेरिकी अंतरिक्ष बल भी अभ्यास में भाग लेंगे।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बस में आग लगने से 16 की मौत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पिंडी भट्टियां इलाके में रविवार तड़के एक बस डीजल ले जा रही पिकअप वैन से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इससे कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने एक चिकित्सा अधीक्षक के हवाले से बताया कि घायलों को पिंडी भट्टियन और फैसलाबाद अस्पताल ले जाया गया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, बस कराची से इस्लामाबाद की ओर जा रही थी।

जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) फहद ने कहा कि शवों को बस से निकाल लिया गया है और डीएनए परीक्षण से उनकी पहचान की जाएगी।

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में 13 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी हमले में 13 मजदूर मारे गये।सूत्रों ने डिप्टी कमिश्नर रेहान गुल खट्टक के हवाले से बताया कि घटना शनिवार देर रात की है, जब आतंकवादियों ने गुल मीर कोर इलाके में मजदूरों को ले जा रहे एक निजी वाहन को विस्फोटक से उड़ा दिया।इलाके में मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैंविस्फोट के तुरंत बाद, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर ने हमले की कड़ी निंदा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर ने पोस्ट किया, उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादी हमले के बारे में जानकर दिल दहल गया, जिसमें 11 निर्दोष मजदूरों की जान चली गई। इस संवेदनहीन कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। हिंसा और प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े रहें।

## रूस के बुराटिया गणराज्य में नदी में बाढ़ के कारण आपातकाल की स्थिति उत्पन्न

**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस के बुराटिया गणराज्य में रविवार को एक बांध ढहने, एक नदी के उफान पर आने और रेलवे ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई, क्षेत्रीय प्रमुख ने यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार, बुराटिया के प्रमुख एलेक्सी त्सिडेनोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा कि उन्होंने सेवेरो-बाइकाल्स्की जिले की स्थिति पर एक आयोग का गठन किया, जहां ठंडी नदी और बैकाल-अमूर मेनलाइन (बीएएम) भारी वर्षा से प्रभावित थे।

उन्होंने कहा कि राहत प्रयासों के समन्वय के लिए एक परिचालन मुख्यालय का गठन किया गया था और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए सड़क और निर्माण उपकरण का उपयोग किया जा रहा था।उन्होंने कहा कि जल स्तर कम हो रहा है और निवासियों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों के लिए भोजन और हीटिंग पॉइंट स्थापित किए गए थे।

## वेस्ट बैंक में गोलीबारी में 2 इजरायली मारे गए

**जेरूसलम, (एजेंसी)।** वेस्ट बैंक शहर नब्लस के पास हुवारा गांव में गोलीबारी के हमले में दो इजरायली नागरिकों की मौत हो गई, इजरायली सेना ने पुष्टि की है।

इज़रायली आपातकालीन बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम ने कहा कि उसके चिकित्सकों ने 30 साल के एक व्यक्ति और 60 साल के एक व्यक्ति पर कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन किया, जो गोलियों की चपेट में आ गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ देर बाद ही उन दोनों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

## राजस्थान में शाही अंदाज में होगी परिणीति व राघव की शादी, 25 सितंबर को गूंजेगी शहनाइयां

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप सांसद राघव चड्ढा की जोड़ी इन दिनों इंडस्ट्री में टॉक ऑफ द टाउन बनी हुई हैं। सगाई के बाद दोनों लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वहीं लोगों को भी परिणीति व राघव की शादी का बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच दोनों की शादी की डेट सामने आई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो ये लव बर्ड्स इस साल के अंत में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। दोनों इसी साल 25 सितंबर को शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालांकि, अभी तक वेडिंग डेट को लेकर दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं दोनों की इंगेजमेंट सेरेमनी में भी बॉलीवुड से लेकर राजनीतिक क्षेत्र तक की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की थी। सगाई की तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए।रिपोर्ट के अनुसार शादी काफी ग्रांड तरीके से होगी और शादी की तैयारियां भी एक हफ्ते पहले ही शुरू हो जाएगी।

# सीएम योगी के नेतृत्व पर कारोबारियों का बढ़ा विश्वास

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ विधानसभा के मानसून सत्र में नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने वन ट्रिलियन इकानमी के संकल्प का मजाक उड़ाते हुए सरकार से इसके रोडमैप पर सवाल किया था। तब सीएम योगी ने खड़े होकर विपक्ष के एक-एक सवाल का चुन-चुनकर जवाब दिया था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का अगस्त 2023 का बुलेटिन न सिर्फ सीएम योगी के तर्कों की तस्दीक करता है बल्कि आलोचकों को करारा जवाब भी देता है। बुलेटिन में दिए गए आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन पर न सिर्फ देश और दुनिया भर के निवेशकों को भरोसा है, बल्कि सभी राष्ट्रीय बैंक और वित्तीय संस्थाओं को भी उनके संकल्प पर पूर्ण विश्वास है और हर गुजरते साल के साथ यह भरोसा और मजबूत होता जा रहा है।

आरबीआई के अगस्त 2023 बुलेटिन के अनुसार उत्तर प्रदेश बैंकों व वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत हिस्सेदारी में एक बार फिर सभी राज्यों से आगे रहा है। इसके अनुसार, बैंकों और



वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत हिस्सेदारी में उत्तर प्रदेश 2022-23 में 16.2 प्रतिशत शेयर के साथ लगातार दूसरे वर्ष नंबर वन पर रहा है।

2017 में उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी के साथ ही उद्योगों की स्थापना के लिए जो इकनॉमिक रिफॉर्म्स का दौर शुरू किया है वो आरबीआई की ताजा रिपोर्ट में साफ परिलक्षित हो रहा है।

2013-14 से 2020-21 की अवधि में हिस्सेदारी का औसत प्रतिशत 4.4 रहा था। इसके बाद विगत दो वित्तीय वर्ष में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत हिस्सेदारी में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

2021-22 में बैंकों व वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 12.8 प्रतिशत रही थी, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे बेहतर थी और तब भी उत्तर प्रदेश इस मामले में नंबर वन पर था। उसके बाद 2021-22 से 2022-23 के बीच महज एक वर्ष में इस हिस्सेदारी में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है।

2013-14 से 2020-21 के बाद इन 2 वर्षों में बैंकों द्वारा परियोजनाओं की लागत में प्रदेश की हिस्सेदारी में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। यह सीएम योगी के सुशासन और आर्थिक मामलों के प्रति उनकी दूरदृष्टि को इंगित करता है।

बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से एकत्र किए गए परियोजनाओं के वित्त पोषण संबंधी आंकड़ों व एक्सपर्ट्स के कैलकुलेशन पर आधारित इस रिपोर्ट का एनालिसिस करने पर एक और बात स्पष्ट होती है कि उत्तर प्रदेश में बैंकों व वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत हिस्सेदारी में नियमित वृद्धि का ट्रेंड रहा है। 2013-14 से 2020-21 के मध्य औसत 4.4 प्रतिशत के बाद 2021-22 में 12.8 प्रतिशत से होती हुई 2022-23 में यह वृद्धि 16.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यानी उत्तर प्रदेश में लगातार निवेशकों एवं परियोजनाओं को बैंकिंग सेक्टर का सहयोग प्राप्त होता रहा है। वहीं अन्य राज्यों में यह वृद्धि अनियमित है। किसी राज्य में अचानक एक वर्ष में वृद्धि हुई तो कहीं 2013-14 से 2020-21 के मध्य और 2021-22 व 2022-23 में इसके आंकड़ों में काफी उतार-चढ़ाव आया। कुछ राज्यों में तो वृद्धि की बजाय गिरावट दर्ज की गई है। मसलन, गुजरात में जो हिस्सेदारी 2013-14 से 2020-21 के बीच औसत 14.3 प्रतिशत थी वो 2022-23 में 14 पर है। यानी 0.3 प्रतिशत कम। ओडिशा में 2013-14 से 2020-21 के बीच जो हिस्सेदारी औसतन 4.5 प्रतिशत थी वो 2021-22 में लुढ़कर 2.2 प्रतिशत पर पहुंच गई।

2022-23 में इसमें अचानक वृद्धि हुई और यह 11.8 प्रतिशत पर आ गई। इसी तरह महाराष्ट्र में यह 2013-14 से 2020-21 के बीच औसतन 13 प्रतिशत से 2021-22 में 9.7 और 2022-23 में 7.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है तो कर्नाटक में 2013-14 से 2020-21 के बीच औसतन 8.5 प्रतिशत से 2021-22 में 6.9 और 2022-23 में 7.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है।

इसी तरह अन्य राज्यों में हिस्सेदारी का प्रतिशत 2013-14 से 2020-21 के बीच औसतन 9.4 से लुढ़ककर 2021-22 में 4 और 2022-23 में 5.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

योगी सरकार ने विगत 6 वर्षों में अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सुशासन को बेहतर करने, कारोबारी निर्णय में तेजी लाने, कारोबारी सुगमता को बढ़ाने, मौजूदा नियमों का सुचारु क्रियान्वयन करने के जो प्रयास किए हैं उससे प्रदेश में औद्योगिक परियोजनाओं को शुरू करने के लिए एक माहौल बना है।

इसी वर्ष फरवरी माह में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव इन्हीं प्रयासों का नतीजा है। बड़ी संख्या में निवेशक अपनी परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश में स्थापित करने के लिए लालायित हैं। इन उद्यमों की आर्थिक आवश्यकताओं को देखते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं का भी उत्साह बढ़ा है और वो तेजी से परियोजनाओं की फंडिंग के लिए स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती आज, राहुल ने लद्दाख की पैंगोंग त्सो लेक पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की आज 79वीं जयंती हैं. देशभर में राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें याद करके श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है. राहुल गांधी ने लद्दाख की पैंगोंग त्सो लेक पर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी. राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख के स्टेटस से लोग खुश नहीं है. लद्दाख के लोगों ने बताया चीन हमारी सीमा में घुसा. लद्दाख में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है.

इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि लोगों के चरागाह की जमीनें चली गई. सरकार ने कहा एक इंच भी जमीन नहीं गई. भारत की सीमा में चीन की सेना घुसी. लद्दाख में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है. वहीं सोनिया गांधी ने वीरभूमि पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वीरभूमि पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी. मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा.

### रोम के कुख्यात शासक नीरो से पंजाब सीएम की तुलना

# भगवंत मान सबसे असंवेदनशील मुख्यमंत्री:प्रताप सिंह बाजवा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की तुलना रोम के सबसे कुख्यात शासकों में से एक नीरो से करते हुए रविवार को कहा कि जब रोम जल रहा था तो नीरो बांसुरी बजा रहा था। इसी तरह पंजाब के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार के लिए रैली कर रहे हैं जबकि पंजाब अब तक की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी प्रशासन द्वारा किए गए अपर्याप्त इंतजामों के कारण पंजाब के लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में काफी परेशानी उठानी पड़ी। भगवंत मान पंजाब के अब तक के सबसे असंवेदनशील मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने पंजाब की जनता के मुकाबले छत्तीसगढ़ में पार्टी की रैली को तरजीह दी।

विपक्ष के नेता ने आप सरकार के दौरान दो भाइयों द्वारा गोइंदवाल साहिब पुल से ब्यास नदी में कूदकर आत्महत्या करने के बाद पंजाब पुलिस की भी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जालंधर पुलिस के एसएचओ ने कथित तौर पर एक भाई का अपमान किया है। बताया जा रहा है कि एसएचओ ने एक भाई को थप्पड़ मारा और उसकी पगड़ी उतार दी। जिससे दोनों भाई काफी परेशान हो गए और आत्महत्या कर ली।

बाजवा ने कहा कि मुख्यमंत्री को पुलिस अधिकारी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए और आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

बाजवा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा अपने वादों से मुकरने का एक और उदाहरण सामने आया है।

बाढ़ ने विशेषकर पंजाब में कृषि क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी, जिसके बाद आप सरकार प्रत्येक किसान को पांच एकड़ तक क्षतिग्रस्त फसल के लिए राहत देने की योजना बना रही है। बाजवा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की मदद करने की बजाय हमेशा आत्म-प्रचार के लिए फोटो खिंचवाने के मौके तलाशते रहते हैं। यह बात होशियारपुर जिले में उनके फर्जी रेस्क्यू वीडियो से साबित हो चुकी है।

## दिल्ली पुलिस की हिरासत से भाग निकला नाइजीरियाई नागरिक

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया एक नाइजीरियाई नागरिक दिल्ली के नरेला में अस्पताल की भीड़ का फायदा उठाकर पुलिस हिरासत से भाग निकला। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।सूत्रों के अनुसार, पुलिस स्टेशन नरेला में एक सूचना प्राप्त हुई थी कि एफआरआरओ के स्थानीय अधिकारी नियमित प्रक्रिया के तहत नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र (एसआरएचसी) अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए नाइजीरियाई नागरिकों इसायस और एकाजे को लेकर गए थे।चेकअप के दौरान, इसायस ने अस्पताल के भीड़ का फायदा उठाया और परिसर से भागने में सफल रहा।

# गुजरात के 33 में से 29 जिले चरम जलवायु घटनाओं से हैं प्रभावित

**अहमदाबाद,(एजेंसी)।** जैसे-जैसे देश तेजी से अनियमित मौसम के मिजाज के असर से जूझ रहा है, गुजरात खुद को इस मौसम संबंधी उथल-पुथल में सबसे ज्यादा पीड़ित पाता है।

बेमौसम बारिश, चक्रवात और तीव्र लू सामूहिक रूप से राज्य की जलवायु कहानी बन गई हैं। हालाँकि, ये गड़बड़ी महज़ प्रकृति की मनमौजी हरकतें नहीं हैं; वे भौगोलिक विविधता, मानवजनित कारकों और जलवायु परिवर्तन की जटिल परस्पर क्रिया में निहित हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रति राज्यों की संवेदनशीलता पर एक व्यापक अध्ययन में गुजरात को 0.50 से 0.58 के भेद्यता सूचकांक के साथ मध्यम रूप से संवेदनशील माना गया है। फिर भी, काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए गहन विश्लेषण से अधिक चिंताजनक वास्तविकता का पता चलता है।

गुजरात के 33 जिलों में से लगभग 29 जिले, जिनमें लगभग 628.3 लाख की आबादी रहती है, चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी चरम जलवायु घटनाओं के निशाने पर हैं।

यह भेद्यता सूचकांक उस चुनौती की भयावहता को रेखांकित करता है जिसका सामना गुजरात को अप्रत्याशित मौसम की घटनाओं के खिलाफ अपने समुदायों और पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा में करना पड़ता है।

# गैर समुदाय लडक़ी के संग भागा बेटा तो पड़ोसियों ने की माता-पिता की पीट-पीटकर हत्या

**सीतापुर (यूपी),(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक मुस्लिम दंपत्ति को उनके पड़ोसियों ने लाठी और सरिया से हमला कर मार डाला।

मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस का कहना है कि यह हत्या कथित तौर पर पीड़ित के बेटे और एक आरोपी की बेटी के बीच प्रेम प्रसंग का नतीजा थी।

हमले में दंपत्ति अब्बास और उसकी पत्नी कमरुल निशा की मौके पर ही मौत हो गई और सभी आरोपी मौके से भाग गए।

सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि कुछ साल पहले अब्बास का बेटा पड़ोसी की एक लडक़ी के साथ भाग गया था। इस संबंध में मामला दर्ज कर अब्बास के बेटे को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने कहा कि जब अब्बास का बेटा कुछ दिन पहले जेल से रिहा हुआ, तो परिवार के कुछ सदस्यों ने दंपति पर हमले की योजना बनाई।चक्रेश मिश्रा ने कहा, ग्रामीणों के अनुसार, मृतक दंपत्ति के बेटे और शौकत रामपाल की बेटी रूबी के बीच प्रेम प्रसंग था। शौकत ने साल 2020 में रूबी का अपहरण कर लिया था। उस वक्त रूबी नाबालिग थी और पुलिस ने मामला दर्ज कर शौकत को जेल भेज दिया था। जून में उसने रूबी का दोबारा अपहरण कर शादी कर ली।

पुलिस का कहना है कि तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी दो की तलाश जारी है।

# 65 से ज्यादा वर्तमान सांसदों का टिकट काटेगी बीजेपी!

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** अगले साल होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विपक्षी एकता और एकजुटता की संभावनाओं के बीच भाजपा देशभर में अपने वर्तमान सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर फिर से चुनाव जीत सकने वाले सांसदों की लिस्ट को अंतिम रूप देने में जुटी है।

दरअसल, 2019 के पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। वर्तमान में लोक सभा में भाजपा के पास 301 सांसद हैं लेकिन सूत्रों की मानें तो इनमें से 65 से ज्यादा सांसदों की रिपोर्ट कार्ड बहुत अच्छी नहीं है। ऐसे में एंटी-इनकंबेंसी से बचने के लिए भाजपा इन सीटों पर अपने उम्मीदवार बदलने यानी वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इनमें से कुछ सांसदों का संसदीय क्षेत्र भी बदला जा सकता है।

आपको याद दिला दें कि मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा ने इसी वर्ष 30 मई से 30 जून तक देशभर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया था, जिसमें पार्टी के सभी सांसदों को जुट जाने को कहा गया था। पार्टी के कई सांसदों ने इस कार्यक्रम में पूरे मन से भाग नहीं लिया, जिसकी वजह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को वर्चुअली बैठक कर उन सांसदों को फटकार भी लगानी पड़ी थी। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाजपा संसदीय दल की बैठक में कई बार सांसदों को फटकार लगाते हुए यह कह चुके हैं कि या तो वो अपना रवैया बदलें या फिर बदले जाने के लिए तैयार रहें।

पिछले कुछ महीनों के दौरान देश भर में पार्टी संगठन द्वारा टिफिन बैठक सहित, कई अन्य महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए, उसमें भी कई सांसद पार्टी की उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटा पाए थे।

उत्तर प्रदेश की बात करें तो, संघ नेताओं से बहुत करीबी रिश्ते रखने वाले पार्टी के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री अगर अपना प्रदर्शन नहीं सुधार पाते हैं तो इस बार पार्टी उनका टिकट भी काट सकती है। एक जमाने में काफी चर्चित रह चुके और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री एक हाई प्रोफाइल सांसद से उनके संसदीय क्षेत्र के तमाम विधायक, मेयर और संगठन के बड़े नेता नाराज चल रहे हैं।

सम्पादकीय

## प्राकृतिक आपदाओं के बीच सड़क दुर्घटनाएं

मानसून के दौरान यूं तो पर्यटकों को उत्तराखंड की यात्रा करने से परहेज करने की नसीहत दी गई थी और साथ ही चार धाम यात्रा को भी फिलहाल कुछ समय के लिए टालने की अपील राज्य सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से की गई थी, बावजूद इसके चार धाम दर्शनों का क्रम टूटा नहीं और पर्यटक भले ही कम संख्या में, लेकिन अभी भी अपनी जान जोखिम पर डालकर आ रहे हैं। जाहिर है वर्तमान दौर उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सफर करने लायक नहीं है और प्राकृतिक आपदा कब, कहां किस रूप में बरस जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण रास्ते बंद है तो बड़े-बड़े बोल्डर पहाड़ों से गिरते हुए लोगों की जान ले सकते हैं। इधर एक और हादसे में पूरे उत्तराखंड को शोक में डुबो दिया जिसमें गुजरात के कुछ यात्री गंगोत्री से उत्तरकाशी आते समय बस हादसे का शिकार बन गए। गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी के पास यात्रियों को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 7 लोग मारे गए तो 27 लोग घायल हो गए। इसी तरह13 अगस्त को जोगियाना गांव के समीप भूस्खलन होने से मोहन चट्टी के पास सड़क के नीचे संचालित नाइट पैराडाइज कैंप जमींदोज हो गया था और कैंप के अंदर रह रहे हरियाणा के पांच पर्यटकों की मलबे में दबने से मौत हो गई। 17 अगस्त शाम बैरागढ़ क्षेत्र में हुई बारिश से बैरागढ़ गांव में कई ग्रामीणों के आवासीय भवन क्षतिग्रस्त और मलबे में दब गए। उत्तराखंड के पहाड़ इस प्रकार के प्रकोप दर्शाते रहते हैं और यही कारण है कि बरसात शुरू होने के साथ ही राज्य सरकार पर्यटकों एवम चार धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को कुछ समय के लिए यात्रा टालने की नसीहत देती है। इस बार भी चार धाम यात्रा रिकॉर्ड यात्री संख्या के साथ शुरू हुई थी और मौसम साफ रहने तक यात्रियों की संख्या एक नए रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रही। हालांकि बारिश ने मई माह से ही अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया था जो जून जुलाई और अगस्त में प्रचंड विकराल रूप में देखने को मिला। यात्री को अपडेट करने के लिए राज्य सरकार ने मौसम पूर्वानुमान के संदेश भी प्रसारित किया तो वहीं यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई स्थानों पर कैंप भी लगाए। सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि आखिर यात्रियों को बिगड़ते मौसम के बीच यात्रा करने से रोका कैसे जाए।

हालांकि पहाड़ों में बिगड़ते मौसम के बाद पर्यटकों का चार धाम यात्रियों की संख्या में बेहद तेज गति से कमी दिखाई दी लेकिन फिर भी यात्रियों के उत्तराखंड आने का क्रम जारी रहा। अभी भी उत्तराखंड में प्राकृतिक प्रकोप जारी है और राज्य का एक बड़ा तंत्र प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में जुटा हुआ है। प्राकृतिक आपदाओं के बीच सड़क दुर्घटनाएं काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है जिन से निपटने के लिए बिगड़ते मौसम के बावजूद भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। प्रदेश सरकार की यही कोशिश रहती है कि उत्तराखंड में आने वाला प्रत्येक यात्री सकुशल अपने घरों को वापस लौटे और इसके लिए यात्रा मार्ग पर एहतियात के प्रबंध किए भी जाते हैं,लेकिन प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का बस नहीं है और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पहाड़ी मागी पर दुर्घटनाएं होती ही रहती है, लेकिन यह भी जरूरी है कि पहाड़ी मार्गों पर यात्रा के लिए कोई ऐसी व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करें जिसमें अनुभवी चालकों को ही परिवहन की अनुमति दी जाए। पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए, और यदि सुरक्षा के तहत कुछ कड़े कदम उठाने भी पड़े तो सरकार को इस सब से पीछे नहीं हटना चाहिए।

# यादों की बूंदों से झांकते सवाल

**चुनावी दौरा कवर करते हुए एक दिन पहले ही उन के साथ दिल्ली लौटा था। अगले दिन राजीव जी दक्षिण भारत चले गए। उन का हैलीकॉप्टर कैप्टन विजय त्रेहन उड़ाते थे। उन से मैं ने कहा कि अगली यात्रा में फिर साथ चलूंगा। लेकिन राजीव जी की यात्रा पर तो पूर्ण विराम लग चुका था। मेरे पिता चार बरस पहले गुजऱ चुके थे। वह 1991 के मई महीने का चौथा बुधवार था, जब मैं ने मां को फ़ोन किया। पिछली रात राजीव जी की हत्या हुई थी। मां की आवाज़ भारी थी। उन्होंने न कभी नेहरू जी को देखा था, न शास़्त्री जी को, न इंदिरा जी को, न राजीव जी को। उन के लिए इतना ही काफी था कि वे हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं। मैं ने पूछा, खाना खा लिया बोलीं, नहीं आज शुक्ल पक्ष की नवमी है। व्रत है। मैं जानता था कि व्रत नहीं है। मैं जानता था, व्रत क्यों है**

**पंकज शर्मा**

तब सब अपने आप होता था। बिना किसी के कहे हम तिरंगा लहराते थे। बिना किसी के थोपे हम अपने फर्ज़ निभाते थे। सोचता हूं, आज हमारे स्वाभाविक-भावों के लिए भी आयोजन-प्रबंधन तकनीकों के इतने उत्प्रेरक क्यों इस्तेमाल किए जाते हैं क्या हम वैसे नहीं रहे या, क्या हमारे प्रेरणा-व्यक्तित्व वैसे नहीं रहे जन-मन की नैसर्गिक तरंगों को बाज़ारू-आवरणों की ज़रूरत क्यों पडऩे लगी है

मैं बचपन में अपने दादा-दादी और नाना-नानी के घर बहुत रहा। दादा-दादी के गांव में तब 50-60 कच्चे मकान हुआ करते थे और नाना-नानी के छोटे-से कस्बे की आबादी डेढ़-दो हज़ार हुआ करती होगी। मेरी मां बताती थीं कि जिस शाम महात्मा गांधी की हत्या हुई, पड़ोस में ही रहने वाली उन की एक सहेली की शादी थी। बैलगाडिय़ों से बाराती दो दिन पहले ही आ गए थे। तब बारातें लडक़ी वालों के यहां तीन से पांच दिन तक ठहरा करती थीं। चूंकि सर्दियों के दिन थे, घुड़चढ़ी वाली शाम अंधेरा जल्दी हो गया था। उत्तरप्रदेश के अपने ननिहाल में जब मैं रहा करता था, तब भी हर शाम पूरे कस्बे में खंभों पर बने दीप-बक्सों में मिट्टी के तेल की चिमनी जला कर रखने के लिए सरकारी लोग आया करते थे तो आज़ादी मिलने के चार-पांच महीने के भीतर हालात क्या रहे होंगे, अंदाज़ लगा लीजिए।

शाम का झुटपुटा होते ही बारात चल पड़ी थी। रास्ते में थी कि गांधी जी को गोली मार देने की ख़बर आ गई। मां बताती थीं कि दूल्हा, बिना किसी के कहे, घोड़ी से नीचे उतर गया और पैदल विवाह-मंडप में पहुंचा। बैंड वालों ने, बिना किसी के कहे, संगीत बजाना बंद कर दिया। साथ चल रहे रोशनी के चार-छह हंडे वालों ने, बिना किसी के कहे, उन्हें बुझा दिया। आसपास के घरों में जल रही टिमटिमाती रोशनियों और दीप स्तंभों के चिमनियों की मद्धम लौ के बीच बारात ख़ामोशी से लडक़ी के घर पहुंची। बड़ी-बूढिय़ों ने, बिना किसी के कहे, बेहद धीमे सुरों में सोहर के गीत गाने की रस्म अदा की।

पंडित जी ने, बिना किसी के कहे, दबी आवाज़ में श्लोक पढ़े और अग्नि के समक्ष सात फेरे कराए। बारातियों ने, बिना किसी के कहे, कह दिया कि भोजन में बनी मिठाई और दही-बूरा उन्हें न परोसा जाए। शुभ-कार्य में कच्चा खाना नहीं बनता है, सो, नहीं बना था, इसलिए एकाध पूड़ी-कचौड़ी खा कर बाराती जनवासे में लौट गए। पांच दिनों के लिए आई बारात, एक दिन पहले ही, अगले दिन दुल्हन की धूमधामविहीन विदाई करा कर लौट गई। उस दिन गांधी जी का अंतिम संस्कार था।

इस प्रतीक-प्रसंग की, बिना किसी फऱमान के, अखिल भारतीय व्यापकता का अहसास हम आज भी कर सकते हैं। इस के 16 साल बाद, 1964 में मई महीने के आखिरी़ बुधवार के अपराह्न मैं ने रेडियो पर समाचार सुनते अपने पिता का चेहरा एकदम फक्क होते देखा। वे फफक कर रोने लगे। मेरी मां से जैसे-तैसे बोले कि नेहरू जी नहीं रहे। मैं बहुत छोटा था, लेकिन इतना जानता था कि जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। यह भी कि वे चाचा नेहरू थे। चाचा नहीं रहे, यानी पिता के भाई नहीं रहे। मुझे अपने पिता के आंसुओं और नेहरू के निधन में तब बस यही नाता समझ में आया।

मेरे पिता मध्यप्रदेश के दूरवर्ती आदिवासी इलाके के एक छोटे-से ब्लॉक में पदस्थ थे। कवेलू की छत वाले एक अधपक्के घर में हम रहा करते थे। उस शाम मां ने, बिना किसी के कहे, चूल्हा नहीं जलाया। हम बच्चों को सुबह के बचे खाने में से थोड़ा-थोड़ा खिला कर सुला दिया।

अगले दिन पिता दिन भर नम आंखें पोंछते रेडियो पर नेहरू जी के अंतिम संस्कार का आंखों देखा हाल सुनते रहे। घर में चूल्हा उस दिन भी नहीं जला। नेहरू की अंतिम विदाई के बाद पास के आदिवासी छात्रावास के बच्चे अपने बनाए भोजन में से आग्रहपूर्वक कुछ हमारे यहां दे गए। उन्होंने भी, बिना किसी के कहे, डेढ़ दिन बाद चूल्हा जलाया था।

तकऱीबन ऐसे ही दृश्य की छुअन मेरी टुकुर-टुकुर आंखों ने 19 महीने बाद लालबहादुर शास़्त्री के निधन पर महसूस की। मैं न बहुत छोटा था, न बड़ा, सो, तब समझ ही नहीं पाता था कि इस आदिवासी गांव के लोग, जो कभी दिल्ली तो क्या, अपने ज़िला मुख्यालय तक नहीं गए, जिन्होंने कभी नेहरू-शास्त्री को देखा तक नहीं, वे उन के निधन पर क्यों कर इतने शोकाकुल हैं, जैसे कोई नज़दीकी परिजन चला गया हो बहुत बाद में समझ आया कि वे कैसे निस्पृह नैतिक-नातों का वक्त़ था। मेरे माता-पिता धर्म-परायण थे। मां तो इतनी कि उन का सारा जीवन तीज-त्यौहारों, एकादशियों, सीतलामाता, शिवरात्रि, जन्माष्टमी, होली, दीवाली के व्रत करते ही बीता। माता-पिता सोमवार का व्रत भी करते थे। लेकिन यह एकमात्र ऐसा व्रत था, जिस के पीछे कोई धार्मिक कारण नहीं था। 1965 के भारत-पाक युद्ध के समय अन्न-संकट से निपटने के लिए शास्त्री जी ने देशवासियों से सप्ताह में एक दिन का व्रत रखने का आग्रह किया था। मेरे माता-पिता ने सोमवार को व्रत रखना शुरू कर दिया। युद्ध समाप्त हो गया। भारत अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया। हरित क्रांति हो गई। श्वेत क्रांति हो गई। उदारीकरण के बाद भारत बदल गया। मगर मां और पिता का सोमवार-व्रत, बिना किसी के कहे, ताज़िंदगी जारी रहा। उन का चूल्हा शास्त्री जी के निधन के दिन भी नहीं जला।

31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या वाले दिन मैं दिल्ली में था। तब तक मैं नवभारत टाइम्स में आ गया था। माता-पिता से दूर। नवभारत टाइम्स ने पश्चिमी उत्तरप्रदेश का अलग संस्करण शुरू करने के लिए मेरठ में उस का क्षेत्रीय कार्यालय बनाया था। मैं पहला प्रभारी था। दिल्ली से मेरठ जा रहे मेरे कार्यालयीन वाहन का ड्राइवर एक नौजवान सिख था। मोदीनगर में हमारी गाड़ी को उग्र भीड़ ने रोक लिया। वे ड्राइवर को खांचे कर बाहर निकालने लगे। मैं ने भीड़ को समझाने की कोशिश की।

जैसे-तैसे गाड़ी भगाई। रात को माता-पिता को फ़ोन किया तो मालूम हुआ कि, बिना किसी के कहे, घर में चूल्हा आज भी नहीं जला है। अगले कई दिन ड्राइवर को अपने घर में छिपा कर रखा। 3 नवंबर को इंदिरा जी का अंतिम संस्कार होने के अगले दिन उसे दिल्ली छोडऩे गया।

इस के पौने सात साल बाद जब राजीव गांधी ही हत्या हुई तो उस यात्रा में मैं जाते-जाते रह गया था।

चुनावी दौरा कवर करते हुए एक दिन पहले ही उन के साथ दिल्ली लौटा था। अगले दिन राजीव जी दक्षिण भारत चले गए। उन का हैलीकॉप्टर कैप्टन विजय त्रेहन उड़ाते थे। उन से मैं ने कहा कि अगली यात्रा में फिर साथ चलूंगा। लेकिन राजीव जी की यात्रा पर तो पूर्ण विराम लग चुका था। मेरे पिता चार बरस पहले गुजऱ चुके थे। वह 1991 के मई महीने का चौथा बुधवार था, जब मैं ने मां को फ़ोन किया। पिछली रात राजीव जी की हत्या हुई थी। मां की आवाज़ भारी थी। उन्होंने न कभी नेहरू जी को देखा था, न शास़्त्री जी को, न इंदिरा जी को, न राजीव जी को। उन के लिए इतना ही काफी था कि वे हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं। मैं ने पूछा, खाना खा लिया बोलीं, नहीं आज शुक्ल पक्ष की नवमी है। व्रत है। मैं जानता था कि व्रत नहीं है। मैं जानता था, व्रत क्यों है

तब सब अपने आप होता था। बिना किसी के कहे हम तिरंगा लहराते थे। बिना किसी के थोपे हम अपने फर्ज़ निभाते थे। सोचता हूं, आज हमारे स्वाभाविक-भावों के लिए भी आयोजन-प्रबंधन तकनीकों के इतने उत्प्रेरक क्यों इस्तेमाल किए जाते हैं क्या हम वैसे नहीं रहे या, क्या हमारे प्रेरणा-व्यक्तित्व वैसे नहीं रहे जन-मन की नैसर्गिक तरंगों को बाज़ारू-आवरणों की ज़रूरत क्यों पडऩे लगी है मनोभाव हाशिए पर कैसे चले गए सब-कुछ मंचीय-प्रयोजन में तब्दील कैसे हो गया मेरी यादों की बूंदों से झांकते सवालों का जवाब मिले तो मुझे भी बताइएगा।

## कांग्रेस का विभाजित नेतृत्व

**हरिशंकर व्यास**



चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या विभाजित नेतृत्व की है। कर्नाटक में भी कांग्रेस का नेतृत्व विभाजित था। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार दोनों मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। दोनों अलग अलग जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं और दोनों की जातियों का दबाव भी था। लेकिन दोनों को यह बात समझ में आई हुई थी कि चुनाव जीतना है तो एक साथ मिल कर लडऩा होगा। वैसी समझदारी इस समय कम से कम दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रही है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और मंजे हुए नेता मुख्यमंत्री हैं इसके बावजूद पार्टी के अंदर तालमेल नहीं है। मध्य प्रदेश में जरूर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच तालमेल दिख रहा है और दोनों ने चुनाव जीतने को प्राथमिकता बनाया है। परंतु यह बात राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रही है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह प्राथमिकता जरूर है कि चुनाव जीतना है। इसके लिए दोनों बड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं लग रहा है कि पार्टी के दूसरे नेता और यहां तक कि प्रभारी भी ऐसे मोड में हैं कि हर हाल में चुनाव जीतना है। राजस्थान में हाल के समय तक मुख्यमंत्री गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच खींचतान चल रही थी। अब पार्टी आलाकमान की पहल पर झगड़ा तो बंद हुआ है लेकिन दूरी मिट गई है, यह नहीं कहा जा सकता है। टिकट बंटवारे और प्रचार में दोनों का विवाद उभर कर सामने आए तो हैरानी नहीं होगी। प्रदेश नेतृत्व में टकराव के सवाल पर कांग्रेस के नेता भाजपा की मिसाल देते हैं और कहते हैं कि भाजपा में भी टकराव है और प्रदेश में कई खेमे बन गए हैं। वसुंधरा राजे को किनारे किया जा रहा है और उनके विरोधियों को तरजीह दी जा रही है।

लेकिन कांग्रेस और भाजपा का फर्क यह है कि भाजपा का चुनाव खुद नरेंद्र मोदी संभालेंगे। सो, प्रदेश के नेता का विवाद ज्यादा नहीं चलेगा। बहरहाल, कांग्रेस नेतृत्व ने पंजाब के सुखजिंदर रंधावा को प्रभारी बनाया है।

प्रदेश कांग्रेस के नेता चाहे गहलोत हों या सचिन पायलट या सीपी जोशी सब बड़े नेता हैं। उनके बीच अगर कोई मुद्दा है तो वह रंधावा नहीं सुलझा सकते हैं। इतना ही नहीं रंधावा चुनाव रणनीति बनाने, कमजोर सीटों की पहचान करने, सर्वे कराने, फीडबैक लेने या टिकटों का फैसला कराने में भी कितने प्रभावी होंगे यह नहीं कहा जा सकता है।

यही हाल छत्तीसगढ़ का है। जब सरकार के ढाई साल पूरे हुए थे तो टीएस सिंहदेव ने दावा किया कि पार्टी आलाकमान ने उनको ढाई साल के लिए सत्ता देने का वादा किया था। इसे लेकर भूपेश बघेल और सिंहदेव में कई महीने तक जोर आजमाइश हुई। उस समय तो सिंहदेव पीछे हट गए लेकिन अब पार्टी ने उनको उप मुख्यमंत्री बनाया है। वे अभी तो दावा कर रहे हैं कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में पार्टी चुनाव लड़ेगी लेकिन कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि वे भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों के संपर्क में थे। हालांकि अब वे पाला नहीं बदल रहे हैं लेकिन चुनाव में उनमें और भूपेश बघेल में वैसा तालमेल शायद ही बनेगा, जैसा कर्नाटक में सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच था। वहां भी लंबे समय तक प्रभारी रहे पीएल पुनिया को हटा कर कुमारी शैलजा को प्रभारी बनाया गया है लेकिन उनका ज्यादा ध्यान हरियाणा की राजनीति पर रहता है। प्रदेश की राजनीति एक तरह से भूपेश बघेल के हवाले है। पिछले दिनों जिस तरह से प्रदेश अध्यक्ष को बदला गया उससे बघेल की ताकत दिखी। मोहन मरकाम ने कुमारी शैलजा से पूछे बगैर प्रदेश में पदाधिकारी नियुक्त किए थे। बाद में मरकाम की लिस्ट खारिज की गई और उनको अध्यक्ष पद से हटाया गया। लेकिन हटाने के साथ ही बघेल ने उनको मंत्रिमंडल में शामिल किया। उनकी जगह बनाने के लिए टीएस सिंहदेव के एक करीबी मंत्री को हटाया गया। सो, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और कुमारी शैलजा तीनों में टकराव साफ दिख रहा है।

## क्या काम का जरूरत से ज्यादा प्रेशर बिगाड़ रहा है आपकी पर्सनल लाइफ, ऐसे करें टाइम मैनेजमेंट, स्मूद हो जाएगी लाइफ

भले ही आप मल्टी टास्किंग हैं. हर काम का बखूबी करना जानते हैं. अपने करियर और गोल को लेकर काफी मेहनत करते हैं लेकिन अपनों के लिए आपके पास वक्त नहीं है तो जरुरत है इस ओर ध्यान देने की. क्योंकि सक्सेज के साथ-साथ आपको अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ भी मैनेज करना चाहिए. इसमें बैलेंस बनाकर आप भविष्य की कई समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं. आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स जिनसे आप अपने वर्क लाइफ और पर्सनल लाइफ में काफी हद तक बैलेंस कर सकते हैं.

**फैमिली-फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड करें**

टाइम मैनेजमेंट आपके पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को काफी हद तक बैलेंस कर देता है. बिजी लाइफस्टाइल में अगर फ्रेंड्स और फैमिली के लिए वक्त निकालना मुश्किल है तो आप समय का सही उपयोग कर इसका उपाय ढूंढ सकते हैं.

दोस्तों से कनेक्ट रहने के लिए आप फोन या सोशल मीडिया के जरिए उनसे जुड़े रह सकते हैं. ऐसे में दूरिया होकर भी आप अपने रिश्ते को मैनेज कर सकते हैं.

**लंच डिनर साथ करें**

बिजी लाइफ के दौर में किसी के लिए भी वक्त निकाल पाना काफी कठिन होता है. लेकिन इससे कई रिश्तों में दूरियां बढऩे लगती हैं. लोगों को लगता है कि आप उनसे कटे-कटे रहना चाहते हैं. ऐसे में जरुरत है आपको वक्त निकालने की. कोशिश करें कि पूरे दिन भले ही समय न निकाल पाएं लेकिन अपने चाहने वालों के साथ लंच या डिनर जरूर प्लान करें.

**खुद को दें समय**

पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों का अलग-अलग महत्व है. अगर एक को ज्यादा और दूसरे को कम वक्त देते हैं तो आपकी लाइफ में कई समस्याएं आ सकती हैं. इसलिए दोनों की प्रॉयरिटी अपने हिसाब से सेट करें और जिन कामों को आप जबरदस्ती कर रहे हैं, उन्हें दूसरों को भी करने दें और खुद के लिए थोड़ा सा वक्त निकालें. इससे आप एक जगह काम करते हुए दूसरे जगह की चिंता करने से भी बच जाएंगे.

**ऑफिस का काम ऑफिस में ही छोड़ें**

पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ मैनेज करने के लिए आपकी बाउंड्री तय होनी चाहिए. हालांकि आज के दौरा में सहकर्मियों के साथ कॉम्पिटिशन के चलते यह इतना भी आसान नहीं लेकिन कोशिश करें कि ऑफिस का काम ऑफिस में ही छोड़ दें, क्योंकि घर पर इसका जिक्र या इसे ले जाना आपकी पर्सनल लाइफ को बिगाड़ सकता है.

## क्या है सरकार की मंशा




कमजोर सरकारों के दौर में जब अदालतें कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में जाकर आदेश देती थीं, तब वह भी संविधान की भावना के अनुरूप नहीं था। अब सरकार ने न्यायपालिका के लिए एसओपी तैयार किया है, तो इस पर भी वही बात लागू होती है।

भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तीन प्रमुख अंगों- विधायिका, कार्यकपालिका और न्यायपालिका- में कोई एक दूसरे लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) बनाए, यह बात गले नहीं उतरती। दरअसल, ऐसा करने की कोई व्यवस्था संविधान के तहत नहीं है। कमजोर सरकारों के दौर में जब अदालतें कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में जाकर आदेश देती नजर आती थीं, तब भी संविधान की भावना से परिचित लोगों ने उस पर एतराज किया था। लेकिन उसमें कम से एक बात जरूर थी कि न्यायपालिका कोई एक दल या व्यक्ति से नियंत्रित नहीं थी। इसलिए दलगत हित सधने या नियंत्रण कायम होने का अंदेशा तब नहीं था। मगर शक्ति संतुलन बदल गया है।

केंद्र में संख्या बल के लिहाज से एक मजबूत सरकार है, जिसने धीरे-धीरे राज्य के सभी अंगों और संस्थाओं पर अपना प्रभाव कायम कर लिया है। न्यायपालिका इस प्रभाव से पूरी तरह अप्रभावित है, यह भी नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद न्यायपालिका सरकार के आंख का कांटा बनी हुई है, यह उसकी तरफ से बार-बार और कई कोणों से किए गए जुबानी हमलों से जाहिर है।

बहरहाल, अब बात वहीं तक नहीं रही। अब खबर है कि सरकार ने न्यायपालिका के लिए एक एसओपी तैयार किया है। इसके जरिए यह तय करने की कोशिश की गई है कि सरकार के जुड़े मामलों की न्यायिक प्रक्रिया होगी और सरकारी अधिकारियों से जज किस तरह का व्यवहार नहीं कर सकेंगे। कहा गया है कि अगर कोर्ट किसी मामले की जांच के लिए समिति बनाना चाहता है, तो वह सिर्फ इतना निर्णय ही लेगा।

समिति में कौन होगा, यह पूरी तरह सरकार तय करेगी। कोर्ट अगर किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करता है, तो एसओपी में कहा गया है कि जिस बेंच के आदेश की अवहलेना हुई है, वह अवमानना मामले की सुनवाई नहीं करेगा। साथ ही कोर्ट किसी नीति के निर्माण के लिए सरकार को समयसीमा नहीं बताएगा।

क्या अदालतें इस एसओपी का पालन करने के लिए मजबूर हैं क्या वे सचमुच ऐसा करेंगी एक बड़ा प्रश्न है, जिसका सीधा संबंध न्यायपालिका की स्वायत्तता से है। इस मामले में अब नजर अदालतों के रुख पर रहेगी।

## मॉनसून में माइग्रेन अटैक का बना रहता है डर, आयुर्वेद ने बताया इसका रामबाण इलाज

माइग्रेन होने के कई कारण हो सकते हैं. बरसात में माइग्रेन ज्यादा बढऩे लगता है. जैसे मतली, तेज रोशनी से दिक्कत, तेज आवाज से दिक्कत होना. माइग्रेन में सिर में तेज दर्द होने लगता है. यह एक आम बीमारी है लेकिन दुनिया के लाखों लोग इससे प्रभावित हैं. हालांकि ऐसा नहीं है कि माइग्रेन सिर्फ बरसात में ही बढ़ता है. यह कभी भी किसी को भी हो सकता है. लेकिन मॉनसून के मौसम में यह अधिक बढ़ जाता है. मानसून के मौसम में लोगों को अधिक माइग्रेन होने का एक मुख्य कारण मौसम के पैटर्न में बदलाव है.

इस दौरान ह्यूमिडिटी का लेवल बढ़ता है और बैरोमीटर के दबाव में कमी होती है. अध्ययनों से पता चला है कि ऐसे परिवर्तन व्यक्तियों में माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं. बैरोमीटर के दबाव में उतार-चढ़ाव मस्तिष्क में ऑक्सीजन और ब्लड के फ्लो के लेवल को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है. जिससे माइग्रेन की शुरुआत हो सकती है. मौसम में कई तरह के बदलाव माइग्रेन को ट्रिगर करने के लिए जाना जाता है, और यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 20 प्रतिशत माइग्रेन मौसम में बदलाव के कारण होते हैं.

साथ ही मानसून का मौसम अपने साथ कई अन्य कारक भी लाता है जो माइग्रेन को बढ़ाने का काम करते हैं. हवा में नमी को बढ़ाना जिसेस फफूंद और कवक के विकास को बढ़ावा दे सकती है, जो माइग्रेन के लिए जाने जाते हैं. इसके अलावा, इस दौरान पराग और धूल के कण जैसे एलर्जी कारकों का प्रसार भी बढ़ जाता है. जो इन एलर्जी के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों में माइग्रेन के लक्षणों को बढ़ा सकता है. अच्छा लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से माइग्रेन की बीमारी कंट्रोल में रह सकती है. आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. डिंपल जांगड़ा ने कुछ उपाय सुझाए हैं जो माइग्रेन में मदद कर सकते हैं.**शिरोलेपा** शिरोलेपा माइग्रेन और तनाव के कारण होने वाली मानसिक थकावट को ठीक करने में मदद करता है. यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें कुछ जड़ी-बूटियों को मिलाकर एक पेस्ट बनाया जाता है. पेस्ट को सिर पर रखा जाता है और एक घंटे के लिए केले के पत्ते की मदद से ढक दिया जाता है.**शिरोधारा** गर्म तेल की एक पतली धारा लगातार माथे पर डाली जाती है. वह क्षेत्र जहां हमारी नसें अत्यधिक केंद्रित होती हैं. जब लगातार तेल डाला जाता है, तो तेल का दबाव माथे पर एक कंपन पैदा करता है, जिससे हमारे दिमाग और तंत्रिका तंत्र को मानसिक आराम की गहरी स्थिति का अनुभव होता है.

**कवला ग्रह** कवला ग्रह के कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है यह माइग्रेन के सिरदर्द से राहत दिलाता है. आयुर्वेद माइग्रेन के हमलों को ठीक करने के लिए चंदनादि तैल और महानरायनी तैल से तेल से सिर दबाने का सुझाव दिया जाता है.

**स्नेहा नासया** यह थेरेपी नाक के रास्ते दी जाती है. शिद्बिन्दु तैला या अनु तैला जैसे चिकित्सीय तेल नाक में उसी तरह डाले जाते हैं जैसे आप नाक में डालने वाली बूंदें डालते हैं.

# जाखन में आपदा पीड़ितों को मिली 14 लाख की सरकारी मदद



विकासनगरः बिन्हार क्षेत्र की मदरसू पंचायत से जुड़े जाखन गांव के आपदा पीड़ितों को प्रशासन ने 14 लाख 40 हजार की सरकारी मदद प्रदान की। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर एसडीएम व तहसीलदार ने आपदा की जद में आए प्रभावित 38 परिवारों को सरकारी मानकों के अनुसार राजकीय सहायता बांटी।

शिविर में की खाने ठहरने की व्यवस्था

प्रशासन ने बेघर हुए आपदा प्रभावितों के लिए पष्टा व लांघा में बने राहत शिविर में खाने–ठहरने की व्यवस्था की है।पछवादून के बिन्हार क्षेत्र में रोड के भूस्खलन के बाद मदरसू पंचायत के जाखन गांव में भूधंसाव से पूरा गांव आपदा की चपेट में आ गया। बस्ती में बने कई रिहायशी भवन, कृषि उपजाऊ भूमि, बगीचे व फसलें तबाह हो गई। आपदा की मार से बेहाल जाखन के प्रभावित परिवारों को प्रशासन ने पष्टा व लांघा पंचायत में बने राहत शिविर में ठहराने की व्यवस्था की है।

कई ग्रामीणों की वर्षों की मेहनत मलबे के ढ़ेर में तब्दील हो गई। आशियाने तबाह होने से बेघर हुए परिवारों के पास सिवाय आंसुओं के कुछ नहीं बचा। पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने बीते शनिवार को फौरी तौर पर आपदा की जद में पूर्ण रूप से मकान क्षतिग्रस्त 10 ग्रामीण परिवारों को प्रति परिवार एक लाख 30 हजार के हिसाब से कुल 13 लाख की राजकीय सहायता राशि के चेक बांटे। इसके अलावा 28 परिवारों को राशन व बिस्तर के लिए प्रति परिवार पांच हजार के हिसाब से कुल एक लाख 40 हजार की सरकारी मदद प्रदान की गई। एसडीएम विकासनगर विनोद कुमार व तहसीलदार प्रेम सिंह ने कहा जाखन गांव में आपदा पीड़ित 28 परिवारों को सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार कुल 14 लाख 40 हजार की सहायता राशि बांटी गई है।

## नाग देवता की डोली का नौगांव में भव्य स्वागत

उत्तरकाशी। नौगांव जौनपुर क्षेत्र के सिलवाड़ पट्टी के 7 गांव के आराध्य देव नाग देवता की डोली का नौगांव मुख्य बाजार में भक्तों और श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जौनपुर क्षेत्र से नाग देवता कुपड़ा गांव में नाग पंचमी में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुई। इस दौरान भक्तों ने श्रीफल एवं चुनरी नाग देवता को भेंट चढ़ाई। पहली बार जौनसार क्षेत्र से यमुना घाटी में नाग देवता का आगमन हुआ, जो सोमवार को नौगांव क्षेत्र के कुपड़ा गांव में नाग पंचमी में सम्मिलित होने के लिए सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में रवाना हुई। जहां नाग पंचमी के दिन शेषनाग देवता एवं नाग देवता दोनों देवताओं की पूजा अर्चना विधि विधान के अनुसार होगी। नागपंचमी का विशेष महत्व है कि इस दिन पंडितों के द्वारा नाग देवता को खुश रखने के लिए यह नाग पंचमी मनाई जाती है, जिससे नाग देवता श्रद्धालुओं पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया शंकरपुर में बनने वाले कांजी हाउस का विरोध

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सेलाकुई मुख्य बाजार में प्रदेश सरकार और नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता शंकरपुर में बनने वाले कांजी हाउस का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रही कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार सहसपुर विधान सभा क्षेत्र को बर्बाद करने पर उतारू हो गई है।

कहा कि शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की गंदगी ही स्थानीय बाशिंदों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। अब शंकरपुर कांजी हाउस खोले जाने से स्थानीय लोगों की मुसीबतों में इजाफा ही होगा। कहा कि नगर निगम देहरादून शहर में कांजी हाउस की व्यवस्था करने में सक्षम नहीं है, ऐसे में क्या गारंटी है कि शंकरपुर में इसे सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पंवार ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार सहसपुर विधान सभा को नरक बनाने पर तुली हुई है। देहरादून शहर के बाशिंदों को खुश करने और देश भर में शहर की स्वच्छता को लेकर वाहवाही लूटने के चक्कर में सहसपुर विधान सभा के बाशिंदों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। शंकरपुर की ग्राम प्रधान बेबी रानी ने कहा कि प्रदेश सरकार शंकरपुर के बाशिंदों के सब्र का इंम्तहान ले रही है। कहा कि कांजी हाउस से होने वाली समस्या सिर्फ सहसपुर विधान सभा के बाशिंदों को ही नहीं होगी, बल्कि इससे पूरा पछुवादून क्षेत्र प्रभावित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मसले पर सहसपुर विधायक चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि जनता इसके खिलाफ आवाज उठा रही है। कहा कि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो सहसपुर विधान सभा की जनता सचिवालय का घेराव करेगी। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश नेगी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार, मेघ सिंह, प्रधान राजावाला सुरेश पाल, अमित नेगी, दीपक धीमान, प्रवीण चौहान, अशोक नेगी, राजेश सती, जेएस धीमान, नीलम थापा, मोइन खान आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना में हुआ चयन

रुद्रप्रयाग। राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनकुराली से मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के अन्तर्गत दो बालक बालिकाओं में अभिलाषा पुत्री कर्ण सिंह व रोनक सिंह पुत्र कृपाल सिंह का जिला स्तर पर चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय अभिभावकों ने खुशी जताई है।

# केंद्र सरकार ने भारत को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर स्थापित किया: मधु चौहान

विकासनगर। भारत रक्षा मंच की ओर से रविवार को विकासनगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश के वीर महापुरुषों को नमन करने के लिए निकाली गई तिरंगा यात्रा डाकपत्थर चौक से शुरू होकर सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ के परिसर में पहुंची, जहां वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। शनिवार रात हुए हंगामे के कारण तिरंगा यात्रा के दौरान बाजार में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के जवान यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं के साथ ही बाजार में हर आने जाने वाले पर पैनी नजर रखे हुए थे। यात्रा के बाबूगढ़ स्थित विद्यालय परिसर में पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

तिरंगा यात्रा में शामिल भारत रक्षा मंत्र के कार्यकर्ता वंदे मातर और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ ही देश के महानायकों, वीर महापुरुषों के जयकारे लगा रहे थे। पहले से ही प्रस्तावित इस तिरंगा यात्रा का स्वागत करने के लिए शहर के बाशिंदे भी कतारबद्ध नजर आए। स्थानीय लोगों ने भारत माता के जयकारे के साथ ही यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की। बाबूगढ़ विद्यालय परिसर में यात्रा सभा में तब्दील हो गई। मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि तिरंगा विश्व में भारत की पहचान है। भाजपा सरकार ने तिरंगे का मान बढ़ाया है। कहा कि वाजपेयी सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर तिरंगे को शक्तिशाली बनाया, जबकि वर्तमान केंद्र सरकार ने पूरे विश्व को तिरंगे के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया है। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने कहा कि देश भर में रहने वाले बच्चों को एक समान शिक्षा मुहैया कराना और बाल श्रम से निजात दिलाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष अर्चना पांडे ने कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी नागरिकों को जाति, धर्म, क्षेत्रवाद की भावना से ऊपर उठकर सामूहिक तौर पर कार्य करना होगा।

## युवक गिरफ्तार

ऋषिकेश। लक्कड़ घाट रोड पर एक ज्वेलर की शॉप से करीब चार लाख रुपये कीमत के गहनों की चोरी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उनसे चोरी के जेवरात पुलिस ने बरामद किए हैं। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ज्वेलर सरत सिंह पंवार निवासी प्रगतिपुरम, श्यामपुर, ऋषिकेश ने दुकान से चोरी की शिकायत दी थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार को मनसा देवी फाटक के पास एक महिला और पुरुष चोरी में प्रयुक्त कार में सवार दिखे। पूछताछ में उन्होंने सरत सिंह की दुकान से चोरी की बात कबूल की।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर किया श्रद्धांजली अर्पित

विकासनगर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को कांग्रेस कार्यर्त्ताओं ने विकास नगर स्थित तिलक भवन में एकत्र होकर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण में स्व. राजीव गांधी के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया।



शहीद हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग ने कहा कि भारत के अंदर राष्ट्रवाद की ज्वाला को सदैव कांग्रेस के लोगों ने ही प्रज्वलित किया है। कहा आवश्यकता पड़ने पर अपने जीवन को भी राष्ट्र के लिए अर्पित कर दिया। कहा वह राजीव गांधी ही थे जिन्होंने मेरा भारत महान का नारा देकर इस देश के नागरिकों में एक महान देश का नागरिक होने का गर्व उत्पन्न किया। कहा जब पूर्वोत्तर में चीन अपनी हरकतों से भारत को तंग कर रहा था तो नेफा प्रांत को पूर्ण राज्य अरुणाचल प्रदेश बनाकर राजीव ने ही चीन को आंख में आंख डालकर जवाब दिया था। कहा पड़ोसी राष्ट्रों में शांति रहे इसीलिए उन्होंने भारत की शांति सेना को श्रीलंका भेजा था और इस प्रकार के अनेक कार्य उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए किए और इसी क्रम में उन्हें अपने प्राणों की आहुति भी देनी पड़ी।

## एक नजर

### बड़कोट के डख्याटगांव में आग से तीन मवेशी की मौत

उत्तरकाशी। तहसील बड़कोट के अंतर्गत डख्याट गांव के निकट एक गोशाला में आग लगने से एक बैल और दो गायों की झुलसने से मौत हो गई, जबकि एक भैंस और एक बैल घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। रविवार दोपहर को डख्याट गांव के निकट गोशाला में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीन मवेशियों की मृत्यु हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### 22अगस्त को बच्चों को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल

उत्तरकाशी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आगामी 22 अगस्त को जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी। जिले में एक लाख से अधिक बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा पिलाए जाने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से संबंधित तैयारियों को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अंतिम रूप दिया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीएस पांगती ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास तथा पंचायतीराज विभाग सहित गैर–सरकारी संगठनों से अभियान को कामयाब बनाने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

### महिला के साथ मारपीट में दो पर केस

रुड़की। महिला के साथ मारपीट कर रहे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भग की धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा अनंतपुर से सूचना मिली कि दो युवक एक महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो रहे हैं । सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

# अविनाश अध्यक्ष, दिनेश महासचिव बने



ऋषिकेश। वीरभद्र उद्योग व्यापार मंडल समिति के निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष पद पर अविनाश सेमल्टी और महासचिव पद दिनेश दत्त शर्मा को चुना गया। रविवार को सभी पदाधिकारियों ने शपथ भी ली। आईडीपीएल गीतानगर स्थित एक होटल में वीरभद्र उद्योग वयापार मंडल समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। इसमें सभी की सहमति से अविनाश सेमल्टी को अध्यक्ष, गोपाल रावत को उपाध्यक्ष, दिनेश दत्त शर्मा को महासचिव, बालम सिंह को सचिव और विजय शर्मा को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। रविवार को सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ ही चुनाव अधिकारी कैप्टन गोविंद सिंह रावत ने शपथ दिलाई।

## पुलिस ने मानसिक बीमार महिला को परिजनों को सौंपा

नई टिहरी। देवप्रयाग–गजा मोटरमार्ग मार्ग पर घूमते मिली मानसिक बीमार महिला को पुलिस काफी मशक्कत के बाद उसके परिजनों तक पहुंचाया।

मानसिक तौर पर बीमार महिला को कुछ दिनों से देवप्रयाग के निकट बागी गांव के प्राथमिक स्कूल के आस पास घूमते देखा जा रहा था। धौडोधार निवासी धनवीर सिंह नेगी ने बाइक में आते जाते उक्त महिला को जब देखा, तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। धनवीर सिंह के मुताबिक, उन्होंने महिला को खाना पानी व सौ रुपये भी घर जाने को दिये, मगर वह अपने नाम के अलावा कुछ नहीं बता पायी थी।

# अब चीनी मिल को शिफ्ट करने की सूचना से भड़के किसान

ऋषिकेश। डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन अभी चल ही रहा है। अब डोईवाला से चीनी मिल को अन्यत्र शिफ्ट किए जाने की चर्चा भी तेज हो गई है। चीनी मिल को शिफ्ट करने की चर्चाओं के बीच किसानों का आक्रोश और बढ़ गया है। रविवार को डोईवाला स्थित गुरुद्वारे के समक्ष टाउनशिप योजना के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना 14वें दिन भी जारी रहा। किसान नेता उम्मेद बोरा ने कहा कि सरकार की किसानों के प्रति संवेदनहीनता के चलते उत्तराखंड ही नहीं पूरा देश का किसान पीड़ित है। डोईवाला में किसानों की उपजाऊ भूमि को सरकार पूंजीपतियों के हवाले करके से किसानों को उजाड़ने कोशिश कर रही है। किसान अपनी जमीन का अधिग्रहण करने नहीं देंगे। किसान नेता रणजीत सिंह ने कहा कि डोईवाला चीनी मिल को यहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने की सूचनाएं मिल रही हैं। यह मिल यहां के किसानों की आजीविका का मुख्य साधन है। कहा कि किसान टाउनशिप के विरोध के साथ ही शुगर मिल के लिए भी आंदोलन करेंगे। इसके विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर डोईवाला गन्ना सोसायटी के चेयरमैन मनोज नौटियाल, डोईवाला व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश वासन, ताजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह खालसा, किसान सभा जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह, याक़ूब अली, जितेंद्र कुमार गुरु, चतर बोरा, इंदरजीत सिंह, गुरदीप सिंह, मनीष धीमान, सुनील कुमार, जाहिद अंजुम, सरजीत सिंह, किसन सिंह, इसलामु दीन, अनूप कुमार, बलदेव सिंह, यशपाल सिंह, इकबाल हसन, त्रिलोशन सिंह, इक़बाल, विकास पाल, भगवान सिंह लोधी, बलवंत सिंह, नवाब अली, अकबर अली, सोमपाल, सुमेरचंद, सतनाम सिंह, अय्यूब अली, अजीत सिंह, हरबंश सिंह, बलदेव सिंह, हरदयाल सैनी, राजबाला, तुलसी देवी, लीला देवी, गौतमी देवी, चतर सिंह, आबिद हसन, खालिद हसन, रणजीत सिंह आदि रहे।

# गौडार–मद्महेश्वर मार्ग में बनतोली में बना लकड़ी का पुल

रुद्रप्रयाग। गौंडार–मद्महेश्वर पैदल मार्ग पर बनतोली के पास गौंडार के ग्रामीणों के सहयोग से लकड़ी का पुल बना दिया गया है। लोनिवि ने लकड़ी के पुल बनाने में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग लिया।



पुल बनते ही मद्महेश्वर जाने वाले यात्रियों को भी बडी राहत मिली है। जबकि ग्रामीणों ने सुकून की सांस ली। भारी बारिश के चलते बीती 13 अगस्त की रात को बनतोली में सरस्वती (मोरकंडी) नदी पर बना गार्डर पुल बह गया। इससे करीब 250 यात्री मदमहेश्वर में ही फंस गए थे। इसके बाद शासन–प्रशासन ने हेली से रेस्क्यू कराया जिसमें गौंडार के ग्रामीणों ने सहयोग दिया। इधर, प्रशासन ने लोनिवि ऊखीमठ को शीघ्र पुल बनाने के निर्देश दिए। लोनिवि ऊखीमठ द्वारा बनतोली में लकड़ी के पुल बनाने के प्रयास शुरू हुए जिसमें गौंडार के ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग दिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों पर बनतोली में आवाजाही के लिए वैकल्पिक पुल बनाने की कार्रवाई शुरू की गई। लोनिवि को गौंडार के ग्रामीणों का साथ मिला। जिससे रविवार को पुल तैयार हो गया है। इस पर आवाजाही भी शुरू कर दी गई है।

इसके साथ ही अब मद्महेश्वर जाने वाले यात्रियों को परेशानियां नहीं उठानी पड़ेंगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सेवादल ने किया गोष्ठी का आयोजन

हरिद्वार। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79 वी जयंती पर यंग ब्रिगेड, कांग्रेस सेवा दल ने ज्वालापुर कार्यालय पर विचार गोष्ठी की। देश की तरक्की में राजीव गांधी के योगदान को याद किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आर्यन राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था से लेकर कंप्यूटर क्रांति में राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश सोशल मीडिया समन्वयक शुभम जोशी ने कहा कि देश को आर्थिक, सैन्य ताकत बनाने के लिए राजीव गांधी ने जो काम किया वह बेमिसाल है। महानगर अध्यक्ष जावेद खान ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं के लिए कई काम किए।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने किए चालदा महाराज के दर्शन

विकासनगर। । छत्रधारी चालदा महाराज के दर्शन के लिए रविवार को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज दसऊ पहुंचे। उन्होंने महासू महाराज के चरणों में चांदी का छत्र भेंट प्रदेश की खुशहाली की मन्नतें मांगीं। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने भाद्रपद माह में होने वाले जागड़ा पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। और क्षेत्र व राज्य की सुख समृद्धि की कामना की देव दर्शन करने के पश्चात सतपाल महाराज ने मन्दिर समिति के पदाधिकारियों से आगामी सितंबर माह में होने वाले महासू देवता का जागड़ा पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि 18 और 19 सितंबर को भव्य और दिव्य जागड़ा पर्व आयोजित किया जाएगा। कहा कि जागड़ा पर्व के दौरान एक दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री से की जाएगी। हाजा, दसऊ के ग्रामीणों ने मंत्री को अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि हाजा से धारनाधार तक चार किमी सड़क निर्माण की मांग की। इस दौरान कालसी तहसीलदार सुशीला कोठियाल, मीरा जोशी, प्रभाग जोशी, कमल बिजल्वाण, लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार, विश्वजीत खत्री, शूरवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# स्थानीय लोगों ने टोल प्लाजा के खिलाफ दिया धरना

हरिद्वार। टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों ने धरना प्रदर्शन कर टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। टोल टैक्स बढ़ाने–घटाने को लेकर स्थानीय लोगों और टोल कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने बमुश्किल मामला संभाला। इस दौरान कांग्रेस, किसान मोर्चा सहित कई संगठनों के लोग मौजूद रहे। भारी हंगामे के बाद निर्णय लिया गया कि 24 सितंबर को स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर टोल टैक्स बढ़ाने–घटाने या निशुल्क करने को लेकर वार्ता की जाएगी।रविवार को बहादराबाद, रोहलकी किशनपुर, रावली महदुद, सलेमपुर आदि कई गांव के लोग और किसान नेता बहादराबाद टोल प्लाजा पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने टोल प्लाजा प्रबंधन से स्थानीय लोगों को प्रतिदिन आवागमन फ्री करने करने को कहा। लेकिन टोल प्लाजा प्रबंधन ने कहा कि बाहरी लोगों ने स्थानीय आधार कार्ड बनवाए हुए हैं। आधार कार्ड और गाड़ी की आरसी पर फ्री पास देने की बात कही। लेकिन स्थानीय लोग और किसान बीस किलोमीटर परिधि के सभी लोगों के लिए फ्री पास पर अडिग रहे। बहादराबाद पुलिस हस्तक्षेप के बाद टोल प्लाजा पदाधिकारियों के बीच बैठकर निर्णय हुआ की पुरानी व्यवस्था जारी रखी जाएगी। बहादराबाद टोल प्लाजा के मैनेजर शिवकुमार ने कहा कि 24 अगस्त तक पुरानी व्यवस्था ही चलेगी। इस बीच टोल प्लाजा उच्च अधिकारियों के समक्ष मांगों को रखा जाएगा। स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन के बीच टोल टैक्स परिधि में टोल फ्री करने को लेकर बैठक होगी। बहादराबाद बाजार चौकी प्रभारी चरण सिंह चौहान ने बताया शांति व्यवस्था के लिए पुलिस मौके पर गई थी।

## फूड कंपनी कर्मचारियों के धरने के दो सौ दिन हुए पूरे

हरिद्वार। सिडकुल की एक फूड कंपनी में कर्मचारियों के धरने को दो सौ दिन पूरे हो गए। मुख्यद्वार पर यह धरना चल रहा है। कर्मचारियों ने प्रबंधन पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। कहा कि कर्मचारियों के बीच आकर एक बार वार्ता तक नहीं की। मजदूर संगठन अध्यक्ष बृजेश कुमार ने कहा कि प्रबंधन ने कर्मचारियों को जबरन निष्कासित कर दिया गया था। उनकी बहाली को लेकर धरना जारी है।

# जिले के विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें अधिकारी: आयुक्त

हरिद्वार। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने अधिकारियों को जिले के विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए है।

जिले की कानून व्यवस्था को लेकर भी फीडबैक लिया। रविवार को डामकोठी में मंडलायुक्त ने हरिद्वार जिले में विकास और कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों के साथ चर्चा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिले के बड़े मुद्दे जो कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं, उनको लेकर अधिकारियों से जानकारी ली गई। अधिकमास और कलियर शरीफ के मेले का भी आयोजन होना है। जिले की 50 लाख से ऊपर की योजनाओं को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। जल जीवन मिशन के काम तय समय में करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ प्रतीक जैन, एडीएम पीएल शाह, एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह, एसडीएम अजय वीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रेम लाल, सीओ ट्रैफिक राकेश रावत, सीओ सिटी जूही मनराल आदि मौजूद रहे।

**आपदा में मानवीय हस्तक्षेप नहीं**

आयुक्त ने कहा कि मंडल में आपदा के दौरान अधिकारियों ने अलर्ट रहकर कार्य किया। लोगों का सही समय पर रेस्क्यू किया गया।

# विश्व चैम्पियनशिप में प्रणय, सेन और सात्विक—चिराग की जोड़ी से पदकों की आस

कोपनहेगन, । फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप में भारत के पदक दावेदारों की अगुआई करेंगे।

सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पर लगी होंगी जो इस समय दुनिया की दूसरी नंबर की जोड़ी है। देश की सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ी पिछले चरण में जीते गये कांस्य पदक के रंग को बेहतर करना चाहेगी।

भारत ने 1977 से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण सहित 13 पदक जीते हैं जिसमें चार रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण पदक (कांस्य, 1993 में) जीतने वाले पहले भारतीय थे और 2011 के बाद से पीवी सिंधू की अगुआई में देश के खिलाड़ी कम से कम एक पदक जीतते आ रहे हैं।

सिंधू विश्व चैम्पियनशिप में भारत की सबसे सफल खिलाड़ी हैं जो 2019 में चैम्पियन रहीं और उनके नाम पांच पदक हैं। लेकिन बासेल चरण के बाद से वह पोडियम तक नहीं पहुंच पा रही हैं और इस सत्र में अपने पहले जैसे प्रदर्शन की झलक नहीं दिखा सकी हैं।

किदाम्बी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने 2021 चरण में भारत को कमशः रजत और कांस्य पदक दिलाये जबकि सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक जीता।

प्रणय ऐसे खिलाड़ी हैं जो पोडियम के करीब पहुंचकर चूक रहे हैं, वह 2021 और 2022 दोनों चरण के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। लेकिन पिछले 12 महीनों में उनकी निरंतर फॉर्म को देखते हुए इस बार वह प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे।

मलेशिया मास्टर्स में जीत दर्ज करने वाले और आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले प्रणय अपना अभियान फिनलैंड के कोले कोलजोनेन के खिलाफ शुरू करेंगे जिनकी विश्व रैंकिंग 56 है।

नौवीं वरीयता प्राप्त इस भारतीय के इसके बाद इंडोनेशिया के चिको ओरा ड्वी वाडीयो से भिडने की उम्मीद है।





सेन का सामना दुनिया के 110वें नंबर के खिलाड़ी जार्जेस जुलियन पॉल (मॉरीशस) से होगा और उनके इसके बाद कोरिया के जियोन हियोन से भिडने की संभावना है। इसके बाद वह तीसरे दौर में तीसरे वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के सामने हो सकते हैं।

श्रीकांत इस सत्र में इतना अच्छा नहीं कर पाये हैं और महत्वपूर्ण मौकों पर उनका खेल बिखर जाता है लेकिन वह ओलंपिक पूर्व सत्र में तेजी से चीजों का रुख बदलना चाहेंगे क्योंकि पेरिस क्वालीफिकेशन भी दांव पर लगा होगा।

गुंटूर के इस 30 साल के खिलाड़ी का सामना कड़े प्रतिद्वंद्वी जापान के 15वीं रैंकिंग पर काबिज केंटा निशिमोटो से होगा। भारतीय खिलाड़ी का विपक्षी पर जीत का रिकॉर्ड 6–3 है जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा ही।

इंडोनेशिया के एंथोनी जिनटिंग (विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर) टूर्नामेंट से हट गये हैं जिससे श्रीकांत के लिये ड्रा में थोड़ी मुश्किल कम होगी। अगर यह भारतीय अपनी काबिलियत के अनुरूप खेलने में सफल रहता है तो दुनिया के इस 20वें नंबर के खिलाड़ी के कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने की उम्मीद है।

विश्व चैम्पियनशिप के 2017 और 2018 चरण की रजत पदक विजेता और 2013 और 2014 में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को बाई मिली है और वह जापान की नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुये लिन्ह एनगुएन के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

लेकिन उम्मीदों का बोझ सात्विक और चिराग के कंधों पर होगा जो शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने 2023 में इंडोनेशिया ओपन, एशिया चैम्पियनशिप, स्विस ओपन और कोरिया ओपन में खिताब अपने नाम किये हैं।

दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है और अगर वे इस सत्र के दबदबे के अनुरूप आगे बढ़ते हैं तो उनके ड्रा में काफी आगे तक पहुंचने की उम्मीद है।

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को भी बाई मिली है। यह जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दो बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

अन्य भारतीयों में अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम, रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी तथा वेंकट प्रसाद और जूही देवांगन भी शामिल हैं।

कोपनहेगन पांचवीं बार विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है जो सभी मेजबानों में सबसे ज्यादा है। डेनमार्क की राजधानी ने इससे पहले 1983, 1991, 1999 और 2014 में इसकी मेजबानी की थी।

## मेजबान जर्मनी से 2—3 से हारी भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम



डसेलडोर्फ, सुदीप चिरमाको ने दो गोल दागे लेकिन चार देशों के टूर्नामेंट में यह भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।मेजबान जर्मनी ने मिशेल स्ट्रूथॉफ (41 वां मिनट), बेन हस्बैक (53वां मिनट), और फ्लोरियन स्पर्लिंग (55वां) के गोल के दम पर इस मुकाबले को 3–2 से जीत लिया। चिरमाको ने सातवें और 60वें मिनट में भारत के लिए गोल किये।

स्पेन पर 6–2 की जीत के बाद भारतीय टीम इस मुकाबले में बढ़े हुए हौसले से उतरी थी। टीम ने सातवें मिनट में चिरमाको के गोल की मदद से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। जर्मनी के बराबरी करने की पूरी कोशिश की लेकिन भारत पहले क्वार्टर में अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहा।

जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में अपनी खेल की गति बढ़ाई और भारतीय रक्षापंक्ति ने उसे माकूल जवाब दिया। इस बीच भारतीय टीम ने भी जवाबी हमले किये लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम का भी रक्षण शानदार रहा।मध्यांतर के समय तक भारतीय टीम अपनी बढ़त को बरकरार रखने में सफल रही। दूसरे हाफ की शुरुआत में जर्मनी ने मैच का अपना पहला गोल हासिल करने के लिए पूरा दमखम झोक दिया लेकिन भारत अच्छी तरह से बचाव करने में सफल रहा। स्ट्रूथॉफ ने 41वें मिनट में भारतीय रक्षापंक्ति को भेद को गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा कर स्कोर को 1–1 से बराबर कर दिया।

## विश्व कप कार्यक्रम में फिर बदलाव की संभावना, एचसीए ने लगातार दो मैच की मेजबानी को बताया मुश्किल

नईदिल्ली, हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के दौरान दो दिनों में इतने ही मैचों की मेजबानी को मुश्किल करार देते हुए कहा कि संगठनात्मक और सुरक्षा कारणों से यह आदर्श स्थिति नहीं है। एचसीए के एक अधिकारी ने उम्मीद जतायी कि उन्हें दो मैचों के बीच में एक दिन का समय मिलेगा, जिससे विश्व कप के कार्यक्रम में एक और बदलाव की अटकलें शुरू हो गयी है। काफी विलंब के बाद इस साल जून में विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की गयी थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई) और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने इस महीने की शुरुआत में नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया, जिसमें जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बड़ा मुकाबला भी शामिल था।भारत और पाकिस्तान के मैच के आयोजन को एक दिन पहले 14 अक्टूबर को कर दिया गया। इसके अलावा हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मैच 12 अक्टूबर की जगह 10 अक्टूबर कर दिया गया। एचसीए इससे पहले नौ अक्टूबर को न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड मैच की भी मेजबानी कर रहा है। हैदराबाद पुलिस ने लगातार दो मैचों के लिए सुरक्षा प्रदान करने पर आपत्ति व्यक्त की है। एचसीए के एक अधिकारी ने कहा, '' मैं यह नहीं कह




सकता कि इसे निश्चित रूप से बदला जाएगा, लेकिन दो दिनों में दो मैचों की मेजबानी आदर्श स्थिति नहीं हैं। मेरा मतलब है कि अगर वे (बीसीसीआई) पुनर्विचार करेंगे तो यह अच्छा होगा। हमें सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम करना होगा।''

उन्होंने कहा, '' कोई भी विश्व कप के दो मैचों के बीच एक दिन का समय चाहेगा। हम अब भी सुरक्षा एजेंसियों के साथ बातचीत कर रहे हैं कि यह संभव है या नहीं। इसके साथ ही हम बीसीसीआई को भी इसकी जानकारी दे रहे हैं। बीसीसीआई को पूरी तरह से पता है कि हम क्या करने की कोशिश कर रहे हैं।'' हैदराबाद पुलिस किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए दो से ढाई हजार पुलिस कर्मियों को नियुक्त करती है। इस अधिकारी ने कहा, '' पुलिस की तैनाती मैच को लेकर जोखिम का आकलन और दर्शकों की संख्या पर भी निर्भर करती है। पुलिस आकलन करती है और उसी के अनुसार तैनाती करती है।'' इन मैचों में एक में पाकिस्तान की भागीदारी को देखते हुए, सुरक्षा बढ़ाए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान की टीम 2016 टी20 विश्व कप के बाद पहली बार भारत में खेलेगी। टीम का हैदराबाद में लंबा प्रवास होगा क्योंकि उसे इसी स्थल पर विश्व कप के दो मैचों के अलावा दो अभ्यास मैचों में भी भाग लेना है। टीम विश्व कप में अपने अभियान का आगाज छह अक्टूबर को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। विश्व कप के लिए टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से शुरू हो रही है, जिससे ज्यादातर क्रिकेट प्रशंसक को अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है।

# फिल्मी दुनियां

## वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ की हुई जेलर



तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की हालिया प्रदर्शित फिल्म जेलर को रिलीज हुए 6 दिन बीत चुके हैं। इन 6 दिनों में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म थियेटर्स में हंगामा मचा रही है। इस मूवी ने रिलीज के सिर्फ 6 दिन के अंदर बंपर कमाई करते हुए 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इतना ही नहीं, इसके साथ ये उन तमिल फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो चुकी है जिन्होंने कम ही वक्त में बंपर कमाई करते हुए 400 करोड़ रुपये की मोटी रकम अपने नाम की। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने रिलीज ने वर्ल्डवाइड स्तर पर सिर्फ 6 दिन के अंदर 416.19 करोड़ रुपये की कुल रकम हासिल की है। मूल रूप से तमिल भाषा में बनी जेलर 10 अगस्त के दिन सिल्वर स्क्रीन पहुंची थी। इस दिन फिल्म ने शानदार कमाई अपने नाम करते हुए वर्ल्डवाइड स्तर पर 95.78 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन फिल्म ने 56.24 करोड़ रुपये कमाए थे। तीसरे दिन फिल्म की कमाई में फिर उछाल देखा गया और मूवी ने 68.51 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। रविवार के दिन जेलर ने अपने नाम कुल 82.36 करोड़ रुपये का आंकड़ा हासिल किया। जबकि, पहले सोमवार पर भी फिल्म ने अच्छी रकम हासिल की थी। पहले शनिवार इस मूवी ने 49.03 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद मंगलवार के दिन ये मूवी 64.27 करोड़ रुपये की कमाई अपने नाम कर ले गई। इसके साथ ही मूवी ने अभी तक अपने नाम कुल 416.19 करोड़ रुपये की रकम जुटा ली है।

## शॉर्ट ड्रेस पहन शमा ने लगाया बोल्डनेस का तडक़ा, तस्वीरें देख लट्टू हुए फैंस

टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों को अपने सेक्सी लुक्स से हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोज में हॉटनेस देखकर एक बार फिर से उनके चाहने वालों का बीपी हाई हो गया है। इन तस्वीरों ने एक बार फिर से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने एक बार फिर से अपने हॉट और सिजलिंग अंदाज से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने डेनिम शॉर्ट्स और ब्लैक कलर के टॉप में अपनी ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं।

## खतरों के खिलाड़ी से टेलीविजन की दुनिया का गुर सीखाः डेजी शाह

रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में प्रतिभागी डेजी शाह को लगता है कि वह इस शो से काफी कुछ सीख गई हैं। उन्होंने कहा कि खतरों के खिलाड़ी करने के बाद वह यह सीख चुकी हैं कि टेलीविजन पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं। डेजी शाह ने सलमान खान के साथ फिल्म जय हो से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

अभिनेत्री डेजी शाह रियलिटी शो करने वाली बॉलीवुड हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। वह वर्तमान में फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13 में प्रतिभागी हैं। अभिनेत्री को बुधवार को शिव ठाकरे और साउंडस मौफाकिर के साथ गेमिंग चैलेंज में भाग लेते



देखा गया। अभिनेत्री ने शो खतरों के खिलाड़ी में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, इस शो के लिए मुझे सभी से बहुत प्यार मिल रहा है। मैंने इस तरह के प्यार की उम्मीद नहीं की थी। इस शो को करने का मकसद बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुडऩा था।

उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई अंदाजा नहीं था कि टीवी की दुनिया कैसे चलती है। अब मैंने सीख लिया है कि टेलीविजन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा है। मैंने इस शो के साथ बहुत अच्छी यादें और दोस्त बनाए हैं।

शो में अपने विभिन्न स्टंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, स्टंट शुरू करने से ठीक पहले एक तितली जैसा एहसास होता है लेकिन फिर आपको रोहित सर की आवाज सुनाई देती है कि आप यह कर सकते हैं। यह आपको स्टंट करने के लिए प्रेरणा देता है।


## जंप सूट में कहर ढा रही हैं बिग बॉस फेम हिना खान



टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बना दिया है। एक्ट्रेस हिना खान फैशन आइकॉन हैं। उनका हर एक स्टाइलिश अवतार फैंस के बीच काफी ट्रेंड करता है। हाल ही में हिना खान ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर लोगों के दिलों की धडक़नें तेज कर दी हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर एक बार फिर से फैंस के पसीने छूट गए हैं। हिना खान ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर का जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है, साथ ही फैंस उनके इस हॉल्टर नेक वाले स्टाइल को फॉलो भी कर रहे हैं।

## वरुण तेज और नोरा फतेही की वीटी 14 को मिला नाम, पहला पोस्टर भी जारी





दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता वरुण तेज पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म वीटी 14 को लेकर खबरों का हिस्सा बने हुए हैं।इसमें उनकी जोड़ी बॉलीवुड की मशहूर मॉडल, डांसर और अभिनेत्री नोरा फतेही के साथ बनी है।अब वरुण और नोरा की वीटी 14 को नाम मिल चुका है। वीटी 14 का नाम मटका रखा गया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है।वरुण ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर मटका का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन उन्होंने लिखा, मेरी अगली फिल्म। मुझे आपका प्यार चाहिए।यह फिल्म करुणा कुमार के निर्देशन में बन रही है। यह वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है।मटका में मीनाक्षी चौधरी भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।यह 1960 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी। जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। यह वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है।उनके प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं और अब फिल्म में नोरा की एंट्री हो गई है, जिसके बाद प्रशंसकों का उत्साह बेशक दोगुना हो जाएगा।फिल्म में नोरा एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। इसमें वह अभिनय के अलावा एक स्पेशल डांस नंबर भी करती दिखेंगी। वरुण के पिता तेलुगु सिनेमा के अभिनेता और निर्माता नागेंद्र बाबू हैं। नागेंद्र सुपरस्टार चिरंजीवी और पवन कल्याण के भाई हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338